तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 18.1 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

12वीं पर्चा लीक कांड

हरिभूमि से बातचीत में छात्रों ने बताया, किस तरह मिला उन्हें वायरल प्रश्नपत्र

# हिंदी ही नहीं, इंग्लिश के प्रश्न भी हुए थे वायरल, दोनों की लिखावट समान, टेलीग्राम में हुआ था सबसे पहले अपलोड


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 15 मार्च को आयोजित बारहवीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा विवादों में गहरी घिरती नजर आ रही है। आरोप है कि 15 मार्च को हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान छात्रों को जो सेट-बी वितरित किया गया, उसके सवाल हूबहू हस्तलिखित प्रति में परीक्षा के एक रात पहले व्हॉट्सऐप ग्रुप में वायरल हो चुके थे। छात्र संगठनों के विरोध और हंगामे के बीच माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसकी एफआईआर कोतवाली थाने में करवा दी है, लेकिन 24 घंटे बाद भी पुलिस मामले को सुलझा नहीं पाई है। हरिभूमि ने उन छात्रों से बातचीत की, जिन्हें व्हॉट्सऐप पर यह लीक प्रश्नपत्र मिला था और जिसे उन्होंने अपने दोस्तों को भी साझा कर दिया था। छात्रों ने बातचीत में बताया कि ग्रुप के माध्यम से पहले भी कई विषय के प्रश्नपत्र आए थे। इंग्लिश विषय के प्रश्नपत्र भी शेयर हुए थे। छात्रों के मुताबिक, इंग्लिश विषय के प्रश्नपत्र भी उसी लिखावट में थे, जिस लिखावट में हिंदी का लीक प्रश्नपत्र था। हालांकि इंग्लिश विषय में सभी प्रश्न हूबहू नहीं आए, लेकिन ग्रामर के अधिकतर सवाल उससे पूछे गए थे।

हरिभूमि सरोकार

छात्रों ने प्रैक्टिस पेपर समझकर अपने दोस्तों को किया साझा, इस तरह कई जिलों में पहुंचे लीक पेपर

बच्चे नाबालिग, इसलिए हरिभूमि ने गोपनीय रखे नाम और पहचान




### इंस्टाग्राम के बाद एकेडमी के ग्रुप में हुआ साझा

*जीनियस अकेडमी के व्हॉट्सऐप ग्रुप के स्क्रीनशॉट कई प्लेटफॉर्म पर शेयर किए जा रहे हैं। लेकिन शुरुआत यहां से नहीं हुई थी। इससे पहले टेलीग्राम पर यह वायरल लीक पेपर अपलोड किया गया था। यहां से कई अलग-अलग व्हॉट्सऐप ग्रुप में यह साझा हुआ। अकेडमिक ग्रुप के अलावा छात्रों के व्यक्तिगत दोस्तों के ग्रुप में भी यहीं से साझा हुआ। जिन छात्रों से हरिभूमि से बातचीत की वे कोरबा, धमतरी और गरियाबंद के रहने वाले हैं। इससे स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र किसी जिले विशेष तक नहीं बल्कि पूरे छग में वायरल हुआ था।*

### डिलीट किए चैट

*अधिकतर छात्रों ने इससे संबंधित चैट डिलीट कर दिए हैं। उनका कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी कि ये लीक प्रश्नपत्र हैं। वे ऑनलाइन माध्यमों से पढ़ाई करते हैं। कई अकेडमी सैंपल पेपर या प्रैक्टिस पेपर भेजती रहती हैं। वे इसकी मदद से तय समय में लिखने की प्रैक्टिस करते हैं और अपनी तैयारियों का मूल्यांकन करते हैं। जो लीक पेपर उन्हें एक रात पहले मिला था, उसके संदर्भ में भी उन्हें यही लगा कि ये सैंपल पेपर हैं। अगले दिन जब बिल्कुल समान सवाल पूछे गए तब उन्हें प्रश्नपत्र लीक होने का अहसास हुआ। छात्रों के अनुसार, सभी परीक्षाएं होने के कारण उन्होंने सभी तरह के स्टडी मटेरियल स्टोरेज क्लियर करने के लिए डिलीट कर दिए हैं।*

*मृत सफाई कर्मियों के शव मेकाहारा भेजे गए*

# अस्पताल के सीवरेज टैंक में दम घुटा तीन सफाई कर्मियों की मौत, हंगामा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित रामकृष्ण अस्पताल परिसर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। परिसर में बने सीवरेज टैंक की सफाई करने उतरे तीन सफाई कमियों की दम घुटने से मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि जहरीली गैस की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है। इधर घटना के बाद से अस्पताल परिसर में मृतक के परिजनों समेत बड़ी संख्या में लोग एकत्र ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बिना किसी सुरक्षा उपकरण के उतरे

जानकारी मिली है कि गटर में उतरे सफाईकर्मियों अनमोल मांझी, गोविंद सेंद्र और पेर्रा कुमार की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि तीनों सफाईकर्मी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के गटर में उतरे थे, जिससे वे जहरीली गैस की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों समेत अन्य अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



### देर रात तक प्रदर्शन

जानकारी के अनुसार सफाईकर्मी 25 से 30 फीट नीचे उतरे थे, 2 घण्टे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर रस्सी के सहारे तीनों के शव बाहर निकाले। तीनों मृतक सिमरन सिटी भाठागांव के निवासी थे। मौत की खबर मिलते ही परिजनों सहित करीब 200 लोगों ने अस्पताल के मुख्य गेट के अंदर परिसर में धरना देकर नारेबाजी और हंगामा किया। इस दौरान एसपी नवनीत पाटिल, टिकरापारा टीआई विजय बघेल समेत पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों सहित 50 से 60 पुलिस जवान वहां पहुंच गए। देर रात तक प्रदर्शन जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन कर रहे लोगों की ओर से अभी तक मुआवजे की कोई मांग नहीं आई है। अस्पताल प्रबंधन बातचीत के लिए तैयार है। लापरवाही को लेकर जांच की जाएगी।


### अस्पताल प्रबंधन ने कहा- दुखद घटना

रामकृष्ण अस्पताल परिसर में हुई दुर्घटना के संबंध में प्रबंधन ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि आज शाम हमारे संस्थान में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जिसमें हमारे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में आवश्यक रखरखाव कार्य कर रहे तीन श्रमिक शामिल थे। इस घटना से हम अत्यंत दुखी हैं। ये श्रमिक एक बाहरी कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी के माध्यम से तैनात थे और नियमित कार्य के तहत एसटीपी क्षेत्र में प्रवेश किए थे, जहां कार्य के दौरान वे एक गंभीर आपात स्थिति का सामना कर बैठे। संबंधित कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। हमारी संवेदनाएं दिवंगतों के परिवारों के साथ हैं।

# आधी रात बदला मौसम आंधी के साथ बारिश भी कई हिस्सों में ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाले नमी के प्रभाव से सोम-मंगलवार की दरम्यानी रात राजधानी समेत कुछ शहरों का मौसम बदल गया। शहर में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई, वहीं कुछ एक हिस्से में ओले भी गिरे। वर्षा का प्रभाव रायपुर के साथ रायगढ़, दुर्ग और गरियाबंद जिले के कुछ एक शहरों में रहा। मौसम में हुए बदलाव की वजह से शहर के न्यूनतम तापमान में सात डिग्री की कमी हो गई और दिन में गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम में बदलाव का असर ▶▶| शेष पेज 13 पर



- रायपुर, रायगढ़, दुर्ग, गरियाबंद जिले में हल्की वर्षा, उत्तरी हिस्से में आज असर
- शहर में सात डिग्री लुढ़का रात का पारा, दिन की गर्मी से मिली थोड़ी राहत

### कहां हुई बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले चौबीस घंटे में रायपुर जिले के लभांडी में 16.6 मिमी., माना में 10.2 मिमी., रायपुर में 5.8 मिमी, रायगढ़ जिले के लैलूंगा में 5, धर्मजयगढ़ में 2.6, कापू में 2.5, मुकदेगा में 7.2 तथा खरसिया में 0.5 मिमी. बारिश हुई। दुर्ग जिले के गंडई में 10.8 मिमी और गरियाबंद में 0.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई।



# अवैध प्लाटिंग की ईओडब्ल्यू से जांच कराने की मांग, राजस्व मंत्री का इंकार, विपक्ष का बहिर्गमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा के बजट सत्र में अवैध प्लाटिंग के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। प्रश्नकल के दौरान कांग्रेस की विधायक अंबिका मरकाम की ओर से उठाए गए सवाल पर न सिर्फ विपक्ष के विधायकों ने सरकार को घेरा, बल्कि अजय चंद्राकर ने भी राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को घेरा। पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने सरकार पर अवैध प्लाटिंग करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। विपक्ष के विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्नकाल के दौरान अंबिका मरकाम ने धमतरी और कांकेर जिले में हो रही अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया। अपने जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि पिछले दो सालों में धमतरी में 3 और कांकेर जिले में 175 खसरों से जुड़ी अवैध प्लाटिंग की शिकायत प्राप्त हुई है। कांकेर में आठ खसरे की जांच हो चुकी है। 167 खसरे की जांच चल रही है। दोषी पाए जाने पर तीन पटवारी की वेतन वृद्धि रोक कर उन्हें नोटिस दिया गया है। तहसीलदार को भी नोटिस थमाया गया है। उन्होंने कहा, इन मामलों में किसी ने शिकायत नहीं की, बल्कि राजस्व अमलों को खुद जानकारी मिली और कार्रवाई की गई। यह विभाग की सक्रियता बताती है, बाकी अन्य लोगों पर कार्रवाई इसलिए नहीं की गई क्योंकि एसआईआर की प्रक्रिया जारी है।

## सत्ता पक्ष के विधायक अजय चंद्राकर ने भी मंत्री को घेरा





## राजस्व अमला जांच में सक्षम : टंकराम

अंबिका मरकाम के साथ भूपेश बघेल और कांग्रेस के अन्य विधायकों ने आरोप लगाया कि इस मामले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के साथ-साथ विभाग के ऊपर स्तर के अधिकारी भी जिम्मेदार है। लिहाजा मामले की जांच ईओडब्ल्यू से कराई जाए। लेकिन मंत्री टंकराम वर्मा ने ईओडब्ल्यू से जांच कराने से इनकार किया और कहा कि राजस्व विभाग का अमला सक्षम है। मामले की जांच राजस्व विभाग से ही कराई जाएगी।

## अजय ने पूछा अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्रवाई कब

राजस्व मंत्री के जवाब से विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल किया कि जब विभाग ने ही कार्रवाई की है, तो फिर तीन पटवारियों की वेतन वृद्धि क्यों रोकी गई? उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी क्यों किया गया? इसके अलावा उन्होंने सवाल किया कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? मामला 2 से 3 साल पुराना है। देश में एसआईआर की कार्यवाही 4 महीने तक चली है। विभाग ने इस बीच उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की? उन्होंने मंत्री से समय सीमा के भीतर कार्यवाही करने की मांग की। मंत्री टंकराम वर्मा ने समय सीमा बताने से इनकार कर दिया। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर अवैध प्लाटिंग करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए सदन में नारेबाजी शुरू कर दी और विधानसभा की कार्यवाही का बहिर्गमन करते हुए सदन से बाहर चले गए।

# 'जी राम जी' गरीबों के हितों के खिलाफ हंगामे के बीच कांग्रेस ने किया बहिर्गमन




बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में मनरेगा को 'जी राम जी' किए जाने के मुद्दे पर जोरदार टकराव देखने को मिला। कांग्रेस ने इसे गरीबों के हितों पर चोट बताते हुए शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा की मांग की, लेकिन आसंदी द्वारा प्रस्ताव खारिज होते ही सदन में हंगामा बढ़ गया, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। शून्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, पहले की मनरेगा योजना ज्यादा प्रभावी थी। उन्होंने 'जी राम जी' व्यवस्था को गरीबों के हितों के खिलाफ बताते हुए इस पर विस्तृत चर्चा की मांग की और स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की।



## सत्ता पक्ष ने किया पलटवार

बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने विपक्ष के रुख पर पलटवार करते हुए कहा, विधानसभा किसी पार्टी की राजनीति का मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले से तय एजेंडे के तहत सदन का समय बर्बाद कर रहा है और गंभीर चर्चा से बच रहा है। पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बाद सदन का माहौल गरमा गया। नारेबाजी और बहस के बीच स्थिति हंगामेदार हो गई। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा, यह मुद्दा सीधे गरीबों और मजदूरों से जुड़ा है, इसलिए इस पर चर्चा जरूरी है।

## कार्यवाही स्थगित, फिर भी गतिरोध कायम

लगातार हंगामे के चलते आसंदी को सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी विपक्ष अपने रुख पर कायम रहा। चरणदास महंत ने सरकार की 'नियत' पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सिर्फ नीति का नहीं बल्कि नीयत का मामला है।



## चर्चा नहीं होने से नाराज विपक्ष का बहिर्गमन

कवासी लखमा समेत विपक्ष के कई नेताओं ने इसे गरीबों से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए चर्चा की मांग दोहराई, लेकिन स्थगन प्रस्ताव खारिज होने से नाराज विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

# कांग्रेस विधायक ने सवाल का स्वरूप बदलने का लगाया आरोप, वनमंत्री ने कहा- जो पूछा, उसी का दिया उत्तर

## गोदावरी सोलर प्लांट के लिए आवंटित जमीन और वनों की कटाई को लेकर सवाल उठाए

विधानसभा में आदिवासियों की जमीन खरीदी बिक्री के मुद्दे पर कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने कहा, उन्होंने विधानसभा में अपने क्षेत्र की वनभूमि संबंधी जानकारी मांगी थी। मेरा प्रश्न बदल गया। प्रश्न बदले जाने को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रश्न नहीं बदला है, जो भी सवाल पूछा गया था, उसी के बारे में जानकारी दी गई है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। विधानसभा में प्रश्न बदले जाने को लेकर विपक्ष ने जांच कराने की मांग की। सभापति ने इस पर महासमुंद के सरायपाली वन परिक्षेत्र जंगलबेड़ा एरिया में वन कटाई और आदिवासियों की जमीन कब्जाने को लेकर जो प्रश्न विधानसभा में लगाया गया था, उसे पढ़कर सुनाया। वन विभाग की नर्सरी को लेकर कार्य की जानकारी मांगी गई है। सभापति ने कहा कि आपने वन परिक्षेत्र में जिस चीज की जानकारी मांगी है, उसमें अवधि का जिक्र नहीं किया गया था, प्रश्न को स्वीकार करने समय सीमा का उल्लेख विधानसभा सचिवालय ने किया।




## सोलर प्लांट को बचाने की साजिश

कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने आरोप लगाया कि जंगलबेड़ा गांव में गोदावरी सोलर प्लांट लगाने के लिए पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति 18 पेड़ों की कटाई की गई है। तहसीलदार की जांच रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख है। कलेक्टर के आदेश और लीज डीड की शर्तों के अनुसार, बिना अनुमति पेड़ काटने पर लीज निरस्त की जा सकती है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.ये साफ-साफ गोदावरी सोलर प्लांट को बचाने की साजिश है।

## प्रश्न का मूल स्वरूप ही बदला

कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने कहा, मैंने अवधि का जिक्र नहीं किया है, लेकिन मैंने ये पूछा है कि उस जगह पर नर्सरी थी या नहीं। भूपेश बघेल ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि प्रश्न में साल 2025 का जिक्र है, जबकि प्रश्न में कहीं भी अवधि का जिक्र नहीं है। ऐसे में जवाब हमें ये चाहिए था कि उस स्थान पर नर्सरी थी या नहीं। यदि आपके राजस्व रिकॉर्ड में किसी निर्माण का जिक्र है भले ही वो कितना ही पुराना हो, रिकॉर्ड में तो इस बात का जिक्र होगा कि कलेक्टोरेट भवन का निर्माण कब हुआ। यहां पर विभाग ने अपने मर्जी से साल 2025 कर दिया, जिससे प्रश्न का मूल स्वरूप ही बदल गया।

## भूपेश-केदार में बहस

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भूपेश बघेल ने सचिवालय पर जो सवाल उठाए हैं, वो गलत परंपरा है। भूपेश बघेल ने दोहराया कि उन्होंने सचिवालय पर आरोप नहीं लगाए हैं, मैंने विभाग पर सवाल उठाए हैं। इस पर मंत्री ने कहा, उन्होंने प्रश्न में 2025 का जिक्र किया है, लेकिन चातुरीनंद ने कहा कि उनके हाथों में मूल प्रश्न है, जिसमें तारीख अंकित नहीं है। साथ ही मंत्री से पूछा कि गोदावरी सोलर प्लांट ने जो जमीन कब्जा की है, उसे खाली करवाएंगे क्या? मंत्री केदार कश्यप ने इस पर कहा कि वो जमीन वन विभाग की नहीं है, इस जवाब को लेकर विधानसभा में जोरदार हंगामा हुआ।

## खबर संक्षेप



### मप्र के उपमुख्यमंत्री शुक्ल का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री) राजेन्द्र शुक्ल अपने दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। इस दौरान राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ नवीन मार्कंडेय, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, प्रबोध मिंज, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, सत्कार विभाग प्रदेश संयोजक आकाश विग उपस्थित रहे।

### पायलट ने किया पीसीसी कनेक्ट सेंटर का उद्घाटन



**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट ने राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस के कनेक्ट सेंटर का उद्घाटन किया। कांग्रेस ने पूरे देश में कार्यक्रमों की निगरानी के लिये कनेक्ट सेंटर की स्थापना की है। देश भर के कनेक्ट सेंटर एआईसीसी के कनेक्ट से जुड़े रहेंगे, जो प्रदेश के जिलों, ब्लॉकों और मंडलो के कार्यक्रमों पर सीधी नजर रखेंगे। इस दौरान उन्होंने कनेक्ट सेंटर के सदस्यों से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एस संपत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफ्लांग, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, एआईसीसी सचिव एवं विधायक देवेन्द्र यादव, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, कनेक्ट सेंटर के चैयरमेन दीपक मिश्रा, को-चेयरमेन पल्लवी सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा अशोक चतुवेर्दी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सर्वर के कारण दो दिन ठप रही रजिस्ट्री

# क्लोजिंग माह में अब अवकाश के दिन भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्वर की समस्या के कारण शुक्रवार और सोमवार को पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्री का कार्य लगभग ठप रहा। दिनभर में करीब आधे, एक घंटे तक ही सर्वर की समस्या नहीं रही, जिसके कारण कुछ रजिसट्रियां ही इस दौरान हो पाई थीं। ज्यादातर अपॉइंटमेंट की तारीख आगे बढ़ा दी गई। मंगलवार को सर्वर की समस्या सुबह से ठीक रही, जिसके कारण दिनभर रजिस्ट्री भी होती रही। इधर शासन ने साल का क्लोजिंग मार्च महीना होने के कारण आगामी दिनों में अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खोले रखने का आदेश जारी किया है। इसके तहत 22, 28, 29 एवं 31 मार्च को अवकाश के दिन भी लोग रजिस्ट्री करा पाएंगे।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के पंजीयन विभाग के पोर्टल का सर्वर पिछले सप्ताह के शुक्रवार से ठप था, जो सोमवार को भी लगभग दिनभर प्रभावित रहा। रायपुर पंजीयन कार्यालय में शाम करीब साढ़े बजे सर्वर की समस्या ठीक हुई थी, जिसके बाद कुछ रजिस्ट्री भी की गई, लेकिन कार्यालय बंद होने का समय होने के कारण शेष अपॉइंटमेंट को दूसरे दिन के लिए टाल दिए गए। इसके कारण मंगलवार को सुबह से ही पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ जुटने लगी। संभावना जताई जा रही थी, कि आज भी सर्वर की समस्या रहेगी, लेकिन जब उप पंजीयकों ने अपने-अपने कम्प्यूटर सिस्टम में पोर्टल खोला, तो सर्वर की समस्या ठीक हो चुकी थी। इसे देखकर रजिस्ट्री कराने वालों ने भी राहत की सांस ली। इसके बाद सभी उप पंजीयकों के कोर्ट में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगनी शुरू हो गई, जो शाम तक रही। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल के सर्वर में मेंटनेंस का कार्य चल रहा था, जिसके कारण दो दिन सर्वर ठप रहा। मेंटनेंस का काम पूरा हो गया है, जिससे अब सर्वर की समस्या भी खत्म हो गई है।

### अवकाश के दिन भी खुलेंगे कार्यालय

क्लोजिंग महीना होने के कारण पंजीयन कार्यालय में अब रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगने लगी है। इसे देखते हुए शासन ने भी प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय 22 मार्च, 28 मार्च, 29 मार्च तथा 31 मार्च 2026 को अवकाश के दिन भी खोले जाने का आदेश जारी किया है। अवकाश के दिन भी कार्यालय खुले रहने से आसानी से तथा ज्यादा से ज्यादा लोग रजिस्ट्री करा पाएंगे। इससे शासन की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

**प्रदेश के सभी सांसदों के साथ कई विधायक और पूर्व मंत्री, विधायक भी**

# छह माह बाद प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्यों का ऐलान, सीएम साय सहित सभी मंत्री भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने छह माह बाद अब जाकर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों का ऐलान किया है। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को स्थान दिया गया है। इसी के साथ प्रदेश के सभी भाजपा सांसद और कई विधायक भी शामिल हैं। कई पूर्व मंत्रियों को भी इसमें स्थान दिया गया है।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान बीते साल 17 अगस्त को किया गया था। इसके बाद से ही प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों के ऐलान का इंतजार हो रहा था। अब जाकर लंबे समय बाद कार्यसमिति सदस्यों के साथ ही स्थाई आमंत्रित सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों का भी ऐलान किया गया है।



## विशेष आमंत्रित में शिव प्रकाश

इसी के साथ विशेष आमंत्रित सदस्यों में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल 25 सदस्य बनाए गए हैं। स्थाई आमंत्रित सदस्यों में विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर, महेश गागड़ा, रमशीला साहू पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू, सहित कई पूर्व विधायक और पूर्व सांसदों सहित 68 को सदस्य बनाया गया है। इसी के संभाग के प्रभारी, सह प्रभारी, जिलों के प्रभारी, सह प्रभारी, निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर और जिला पंचायतों के अध्यक्षों को पदेन सदस्य बनाया गया है।

## कार्यसमिति में इनको स्थान

कार्यसमिति सदस्य के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों विजय शर्मा, अरुण साव, ओपी चौधरी, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, लखनलाल देवांगन, गुरु खुशवंत साहेब, लक्ष्मी रजवाड़े, दयाल दास बघेल, गजेंद्र यादव शामिल हैं। इसी के साथ केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसदों में बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, सहित सभी सांसद शामिल हैं। राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और लक्ष्मी वर्मा भी हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरोज पांडेय के अलावा विधायकों में धरमलाल कौशिक, विक्रम उसेंडी, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, भावना बोहरा, पूर्व राज्यपाल और पूर्व सांसद रमेश बैस, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, नारायण सिंह चंदेल सहित 84 सदस्यों के नाम हैं।

# प्रदेश में एलपीजी आपूर्ति बहाली के लिए कोशिशें जारी कमर्शियल उपभोक्ताओं को मिलेगा 20 प्रतिशत कोटा

## खाद्य सचिव ने कहा- प्राथमिकता आधारित वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले के दिशा निर्देश पर छत्तीसगढ़ में निर्बाध एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ कमर्शियल गैस कनेक्शन वाले संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों के लिए संतुलित और प्राथमिकता आधारित वितरण व्यवस्था केंद्रीय पेट्रोलियम एवं नैसर्गिक गैस मंत्रालय के अधीन लागू करने का निर्णय लिया गया है।

खाद्य सचिव रीना कंगाले ने कहा कि प्रदेश में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रहे और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं ऑयल कंपनियों के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कमर्शियल उपभोक्ताओं को विगत माहों की खपत के आधार पर अधिकतम 20 प्रतिशत की सीमा के अंदर एलपीजी प्रदाय करने पर सहमति बनी है।



## आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता

कमर्शियल एलपीजी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत शैक्षणिक संस्थानों एवं चिकित्सालयों के साथ-साथ सैन्य एवं अर्द्धसैन्य कैंप, जेल, हॉस्टल, समाज कल्याण संस्थान, रेलवे एवं एयरपोर्ट कैंटीन को पूर्ण प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं उनके गेस्ट हाउस और कैंटीन के लिए 50 प्रतिशत, पशु आहार उत्पादक संयंत्र एवं बीज उत्पादक इकाई तथा रेस्टोरेंट एवं होटल के लिए 20 प्रतिशत आपूर्ति निर्धारित की गई है। खाद्य सचिव ने कहा कि आम नागरिकों को निर्बाध एलपीजी आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आवश्यक सेवाओं पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े, साथ ही सभी वर्गों तक संतुलित रूप से गैस की उपलब्धता बनी रहे।

## अरुण साव, तोखन साहू, ओपी चौधरी, विजय बघेल को एक-एक लोकसभा क्षेत्र की मिली है जिम्मेदारी

# प्रदेश के भाजपा नेता अब विस सत्र के बाद फिर संभालेंगे असम में मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम और बंगाल में अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है।

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी कोकराझार लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। ये नेता लगातार असम का दौरा कर रहे हैं। अब विधानसभा का बजट सत्र एक-दो दिनों में समाप्त होने वाला है। ऐसे में असम में प्रदेश के






जिन नेताओं को जिम्मा मिला है, वे अब सत्र के बाद ही फिर से जाकर वहां मोर्चा संभालेंगे और चुनाव समाप्त होने तक वहीं रहेंगे। इधर प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार वहां पर डटे हुए हैं। राजेश मूणत को वहां पर सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है, वे भी विस सत्र के बाद बंगाल जाकर चुनाव होने तक मोर्चा संभालेंगे।

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का लगातार दौरा कर रहे हैं। वे विस सत्र के लिए मंगलवार को ही वहां से लौटे हैं। ओपी चौधरी भी असम से वापस आ गए हैं। वे भी अब विस सत्र के बाद फिर से वहां जाएंगे। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे भी वहां से वापस आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी असम में एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी वहां पर थे, वे वहां से लौट आए हैं। ये नेता अब लोकसभा सत्र के बाद वहां जाएंगे।

### बंगाल में प्रदेश के नेताओं को बड़ा जिम्मा

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। वे वहां का बीते साल दिसंबर से लगातार दौरा कर रहे हैं। इस समय वे वहां पर डटे हुए हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी होली के समय विधानसभा का सत्र स्थगित होते ही बंगाल चले गए थे। वे वहां से वापस आ गए हैं। अब विस सत्र समाप्त होने पर फिर से जाएंगे। उनके क्षेत्र में उनके साथ सहयोगी के रूप में भूपेंद्र सवन्नी को भी जिम्मा दिया गया है। श्री सवन्नी इस समय बंगाल में हैं और वहां पर लगातार बैठकें ले रहे हैं।

# जोगी निवास में दावत-ए-इफ्तार शामिल होने पहुंचे सैकड़ों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


रमजान माह के पावन 27वें रोजा के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित जोगी निवास में मंगलवार को दावत-ए-इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के पुत्र एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सामूहिक रूप से जोगी निवास में रोजा खोला और नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने छत्तीसगढ़ राज्य की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। दावते-ए-इफ्तार में शामिल होने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास



महंत भी जोगी निवास पहुंचे, जिनका डॉ. रेणु जोगी, अमित जोगी और ऋचा जोगी ने आत्मीय स्वागत किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर डॉ. रेणु जोगी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मकबूल खान, अमीन मेमन, शारिक रईस खान, आसिफ मेमन, हुसैन हुसैनी के अध्यक्ष राहिल रऊफी, जहीर खान, शमसुल खान, समीर अहमद बबला, शकील खान, पप्पू निसार आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### माता कौशल्या मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण

**चंदखुरी।** माता कौशल्या मंदिर चंदखुरी में प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी चैत्र नवरात्र पर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित होगी व नवरात्र के चलते रोज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ज्योति प्रज्ज्वलित कार्यक्रम इस प्रकार है 18 मार्च को बिरही भिगोई जायेगी, घट स्थापना एवं ज्योति प्रज्ज्वलित 19 को, देव पंचमी 23 को, महा अष्टमी हवन 26 को एवं राम नवमी ज्योति विसर्जन 27 मार्च को किया जाएगा। बता दें कि विश्व प्रसिद्ध कौशल्या माता मंदिर में साल में दो बार ज्योति प्रज्ज्वलित होती, नवरात्र भर विभिन्न भक्तिमय आयोजन होते रहते हैं। शासन स्तर पर 24 व 25 मार्च को राज्य स्तरीय कौशल्या महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें ख्यातिप्राप्त रामायण मंडली, लोककलाकार द्वारा सांस्कृतिक आयोजन व भक्तिमय कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। मां कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान नगर पंचायत चंदखुरी द्वारा सभी कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया है।

### भुरसुदा में मनाई माता कर्मा जयंती



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम भुरसुदा में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्व प्रथम माँ कर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर बाजे- गाजे के साथ गली भ्रमण करते हुए माताओं बहनों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात माँ कर्मा मंदिर में कथा व पूजा अर्चना कर समस्त साहू समाज एवं ग्रामीण जनों के लिए सुख समृद्धि एवं मंगलमय कामना करते हुए महाआरती किया गया। अंत में पूजा अर्चना सम्पन कर प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष अमरनाथ साहू, उपाध्यक्ष जुलाराम साहू, संगठन सचिव रमेश साहू, पार प्रमुख सुखदेव साहू, खेलावन साहू, उमेश साहू, राजकुमार साहू, राधे साहू, रामकुमार साहू, कोदू साहू, छेदु साहू, परमेश्वर साहू, समाज सेवक कार्तिक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### कुकरा में माँ कर्मा जयंती महोत्सव आज

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकरा के महामाया चौक में 18 मार्च को भक्त माँ कर्मा जयंती महोत्सव आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनाथ साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण होंगे। अध्यक्षता फागुराम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ आरंग करेंगे। इस अवसर पर सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। संत माता कर्मा आरती-पूजा, अतिथि आगमन, स्वागत, उद्बोधन पश्चात समर्पण मानस परिवार धरमपुरा की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी शिरीष कुमार साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कुकरा ने दी।

### जावा में सतचंडी एवं भागवत कथा कल से

**आरंग।** ग्राम जावा (सकरी) में 19 मार्च से 27 मार्च तक भव्य सतचंडी एवं भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक शोभा राम यादव ने सभी आमजन को सादर आमंत्रण दिया है। आयोजन के तहत प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक पूजा एवं हवन अनुष्ठान, दोपहर 11:30 बजे से 4:00 बजे तक देवी भागवत कथा, शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक अतिथि स्वागत एवं आशीर्वचन तथा रात्रि 7:00 बजे से 9:00 बजे तक जसगीत-भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित होगा। कथा वाचन सोनम तिवारी (कथावाचिका) एवं पं. गोपेश्वर प्रसाद तिवारी कथावाचक द्वारा किया जाएगा।

**प्रदर्शन :** डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने किया विधानसभा घेराव

# मनरेगा के नियमों में बदलाव गरीब मजदूरों के पेट पर लात मारने जैसा : डॉ. डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्रदेश के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर राजधानी रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में आरंग विधानसभा क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मंदिर हसौद, चंदखुरी, समोदा, आरंग शहर, लखौली और भानसोज सहित विभिन्न क्षेत्रों से लोग शामिल हुए।पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में आरंग क्षेत्र से लगभग 1500 से अधिक कार्यकर्ता संगठित होकर रायपुर पहुंचे और आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह घेराव कार्यक्रम मनरेगा नियमों में बदलाव, रसोई गैस की किल्लत, धान खरीदी में कथित अनियमितता और बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर आयोजित किया गया था। कार्यकर्ताओं ने इन समस्याओं के विरोध में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान डॉ. डहरिया ने कहा कि प्रदेश की आम जनता कई समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार समाधान देने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने मनरेगा बदलाव से मजदूरों पर असर, गैस संकट से गृहिणियों की परेशानी और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी को गंभीर मुद्दा बताया।डॉ. डहरिया ने कार्यकर्ताओं से जनता की आवाज बुलंद करने के लिए इस तरह के जनआंदोलनों को आगे भी जारी रखने का आह्वान किया। आरंग से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने भी एकजुटता दिखाते हुए जनहित में संघर्ष जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पूरे आयोजन को नियंत्रित रखा गया।आरंग क्षेत्र से कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी ने स्पष्ट कर दिया कि स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं को लेकर आक्रोश बढ़ रहा है और लोग अब खुलकर अपनी मांगें सामने रख रहे हैं।






## कांग्रेस ने मनरेगा, महंगाई और जंगल कटाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**सिलयारी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तहत रायपुर जिला ग्रामीण के धरसीवा, तिल्दा, आरंग, खरोरा, अभनपुर, बिरगांव नगर निगम सहित विभिन्न ब्लॉकों के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज विधानसभा घेराव कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यकर्ताओं ने मनरेगा योजना की रक्षा, आसमान छूती महंगाई, बढ़ते बिजली बिलों और जंगल कटाई जैसे जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे, कांग्रेस नेता श्री पंकज शर्मा

बिरगांव नगर निगम महापौर श्री नंदलाल देवांगन, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, विधायक अनीता शर्मा, बिरगांव निगम सभापति श्री कृपाराम निषाद, एमआईसी सदस्य इकराम भाई, उधो राम वर्मा, नारायण कुर्रे, राम गिड़लानी भावेश बघेल, दुर्गेश वर्मा साथ ही रायपुर जिला ग्रामीण के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर तुरंत रोक लगाई जाए

कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मांग की कि मनरेगा योजना को कमजोर करने की किसी भी कोशिश को रोका जाए, महंगाई पर अंकुश लगाया जाए, बिजली बिलों में की गई वृद्धि वापस ली जाए तथा जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर तुरंत रोक लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीण मजदूरों, किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे का मानना है कि वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह घेराव कार्यक्रम एक मजबूत संदेश है। पार्टी आगे भी ऐसे आंदोलनों के माध्यम से जनसमस्याओं को उजागर करती रहेगी।

# मुख्य नपा अधिकारी के खिलाफ जांच टीम गठित




**चंदखुरी।** रायपुर जिले अंतर्गत नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा पिल्ले पर मनमानी, तानाशाही कार्यप्रणाली, प्रशासनिक अनियमितताओं, राजस्व हानि और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ अमर्यादित व्यवहार के आरोपों के बीच मामला गरमा गया है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री गोपाल चतुर्वेदी ने इन आरोपों के विरोध में 16 मार्च 2026 को एक दिवसीय नगर पालिका कार्यालय ताला बंद एवं पूरे नगर बंद का आह्वान किया था, जिसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। इस संबंध में उन्होंने जिला कलेक्टर को पूर्व में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर आंदोलन की घोषणा की गई। अब इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) आरंग ने गंभीरता दिखाते हुए जांच के लिए एक संयुक्त टीम गठित कर दी है। टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे संयुक्त रूप से जांच कर एसडीएम आरंग को विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जांच की तिथि 18 मार्च 2026 निर्धारित की गई है, जो प्रातः 11:00 बजे से शुरू होगी। गठित जांच टीम में शामिल अधिकारी/कर्मचारी निम्नलिखित हैं विनोद साहू, तहसीलदार मंदिर हसौद मारुती राव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत आरंग, केशव डहरिया, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, आरंग छात्रधारी सोनकर, एडीआईओ, जनपद पंचायत आरंग, अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत आवेदन में मुख्य रूप से श्रीमती पूजा पिल्ले की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए हैं, जिसमें नगर के विकास कार्यों में बाधा, नागरिक सुविधाओं की उपेक्षा और अन्य अनियमितताएं शामिल हैं। यह जांच टीम मामले की निष्पक्ष जांच करेगी और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई संभव है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में इस मुद्दे को लेकर काफी चर्चा है, और वे शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

### इंद्रकुमार साहू ने मनाया होली मिलन उत्सव



**अभनपुर।** आशुतोष अलका अग्रवाल भवन में विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा फूलों वाली होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। विधायक इंद्रकुमार साहू अपनी पत्नी एवं परिवारजनों के साथ समारोह में पहुंचे और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विधायक श्री साहू ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता और सद्भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। पूरे वातावरण में रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और होली गीतों की धुन गूंजती रही। कार्यक्रम में लोगों ने पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य करते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

# आरंग में गैस एजेंसी की मनमानी भाजपा पार्षदों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग।

आरंग नगर पालिका परिषद के सभापति और भाजपा पार्षदों ने स्थानीय गैस एजेंसी इंडेन गैस द्वारा की जा रही भारी अनियमितताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अनुविभागीय अधिकारी अभिलाषा पैकरा को सौंपे गए शिकायत पत्र में पार्षदों ने खरोरा रोड स्थित गिरजा गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं के शोषण और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत पत्र में सात बिंदुओं के माध्यम से एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए हैं।जिसमें एजेंसी प्रो. हिमांशु ठाकुर के नाम पर है, जबकि इसका संचालन किसी अन्य व्यक्ति (संतोष ठाकुर) द्वारा किया जा रहा है. उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी के नाम पर शासन द्वारा निर्धारित राशि से अधिक अवैध वसूली की जा रही है। बुक किए गए सिलेंडरों को उपभोक्ताओं को न देकर उन्हें ऊंचे दामों पर ब्लैक में बेचने का आरोप है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता के साथ एजेंसी कर्मियों द्वारा लगातार अभद्र व्यवहार किया जाता है। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के हितग्राहियों को गुमराह करने और ओबीसी वर्ग को योजना के लाभ से वंचित रखने की शिकायत की गई है। पार्षदों का कहना है कि आरंग क्षेत्र में केवल एक ही गैस एजेंसी होने के कारण उपभोक्ताओं के पास कोई विकल्प नहीं है, जिसका फायदा उठाकर एजेंसी संचालक मनमानी कर रहा है। जनहित को देखते हुए आरंग नगर पालिका क्षेत्र में एक नई गैस एजेंसी खोलने की अति आवश्यकता जताई गई है ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े और जनता को राहत मिले।



### एजेंसी का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए

आरंग नगर पालिका के सभापति नरेंद्र लोधी ने कहा कि एजेंसी की मनमानी अब बर्दाश्त से बाहर है। हमने प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान एजेंसी का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए और क्षेत्र की बड़ी आबादी को देखते हुए नई एजेंसी आवंटित की जाए। शिकायत पत्र पर नगर पालिका परिषद आरंग के सभापति और भाजपा पार्षदों ने हस्ताक्षर कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।इस दौरान सभापति नरेंद्र लोधी, भाजपा वरिष्ठ नेता केके भारद्वाज, पार्षद भानमती राकेश सोनकर, पुष्कर साहू, संतोष लोधी, गोलू वीरेन्द्र कड़रा, सुनीता विनायक धुरंधर, चितरेखा विक्रम परमार, सेवती तोषण साहू, एवं विक्रम परमार जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा, तोषण साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा आरंग, खिलेश धुरंधर अध्यक्ष पीएम श्री अरून्धती देवी इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम स्कूल आरंग उपस्थित रहे।

### कक्षा 8वीं का गणित का पेपर देख खिले बच्चों के चेहरे

**आरंग।** कक्षा 5वीं व 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा 2026 का शुभारंभ क्रमशः 16 व 17 मार्च से हो चुका है। कक्षा 8वीं में पहला पेपर गणित को लेकर बच्चों में कौतूहल रहा, किन्तु परचा अच्छा जाने के कारण बच्चों के चेहरे खिल उठे। केंद्रीकृत परीक्षा की इसी कड़ी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रीवा के केंद्राध्यक्ष पं. छत्रधर दीवान ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय के प्रति अरुचि व भय के कारण विषयवस्तु जटिल लगने लगती है, जबकि कड़ी मेहनत व लगन से सभी विषय आसान हो जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थी जीवन में समय अत्यंत मूल्यवान होता है, क्योंकि बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता। छात्र जीवन पर ही सुनहरे भविष्य की बुनियाद टिकी होती है, अतः प्रत्येक क्षण का सदुपयोग आवश्यक है। शाला के वरिष्ठ शिक्षक जितेंद्र देवांगन, रमा नाग व ऋतु ध्रुव की उपस्थिति में गणित का पेपर शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# ग्राम उल्बा में माता कर्मा जयंती की धूम

**अभनपुर।** परिक्षेत्र साहू समाज खोरपा द्वारा कर्मा जयंती के अवसर पर कर्मा रथ यात्रा निकालकर गांव-गांव में आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम उल्बा में भव्य कलश यात्रा निकालकर श्रद्धा और उत्साह के साथ कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान माता कर्मा का रथ गांव के विभिन्न दैविक स्थलों का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा के साथ राम मंदिर पहुंचा। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर समाज के महिला-पुरुष भक्तिभाव में झूमते नजर आए। इस मौके पर परिक्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि कर्मा रथ केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी केंद्र है। वहीं भाजपा नेता एवं सरपंच नेहरू लाल साहू ने कहा कि माता कर्मा का जीवन त्याग, तपस्या और भक्ति का प्रेरणास्त्रोत है। उनके गुणों का अनुसरण करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज देश में बहुसंख्यक होने के साथ सरल, सहज और मेहनती है, जिसका राष्ट्र



निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सामाजिक एकता और सहयोग से ही समाज का समग्र विकास संभव है। इस दौरान वीरेंद्र साहू, रामसिंग साहू, सीताराम साहू, अनुसुईया साहू, हेमलता साहू, संतोष साहू, लीला राम साहू, यशवंत साहू, रामकुमार साहू, संजय साहू, माखन साहू, बोधन साहू, मनोज साहू, प्यारेलाल साहू, लिखन साहू, आनंद साहू, प्रमिला साहू, नर्मदा साहू, नारद साहू, कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# हार्डवेयर दुकान में चोरी करने वाला पड़ोसी गिरफ्तार

**सिलयारी।** सिलयारी ग्राम में एक हार्डवेयर दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी विनय शर्मा निवासी सिलयारी द्वारा सिलयारी पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

शिकायत में बताया गया कि 16 मार्च की रात करीब 1 बजे के आसपास अज्ञात व्यक्ति द्वारा बंद दुकान में छत/बालकनी के रास्ते प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। सुबह जब प्रार्थी के पिता संपत लाल शर्मा दुकान खोलने पहुंचे, तो गल्ले का लॉक टूटा हुआ पाया गया और नगदी राशि गायब थी। घटना के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें पड़ोसी अयूब सैफी उर्फ बाबू सैफी, पिता स्वर्गीय मोहम्मद रहमान सैफी दुकान के अंदर प्रवेश करते हुए दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बालकनी के रास्ते दुकान



में प्रवेश कर लगभग 10,000 रुपये नगद चोरी करना कबूल किया। पुलिस द्वारा आरोपी के पास से 2,000 रुपये बरामद किए गए हैं, जबकि शेष 8,000 रुपये खर्च करने की बात उसने स्वीकार की है। सिलयारी पुलिस ने आरोपी अय्युब सैफी के खिलाफ संबंधित अप0क्र0 150/26धाराओं 305 एवं 331(4) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

### क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से दहशत

सिलयारी क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष फरवरी माह में भी एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई थी, जब प्रतिमा कश्यप के यहां उनके बेटे के विवाह के संगीत कार्यक्रम के दौरान परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। लगातार हो रही इन घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

**शिशु संरक्षण माह का शंखनाद**

# 20 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन-ए की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/ कूंरा

रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा में 'शिशु संरक्षण माह' का विकासखंड स्तरीय शुभारंभ किया गया।

शिशु संरक्षण माह का आयोजन 17 मार्च से 21 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को रोकना है। इस दौरान 9 माह से 59 माह तक के 20529 बच्चों को विटामिन-ए सिरप और 6 माह से 59 माह तक के 21737 बच्चों को आयरन-फोलिक एसिड सिरप पिलाया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढिलेंद्र सेन ने बच्चों को विटामिन-ए की सिरप पिलाकर इस अभियान की शुरुआत की। जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थय केंद्र धरसींवा में, शिशु संरक्षण माह का विकासखंड स्तरीय शुभारंभ माननीय जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढिलेंद्र सेन के द्वारा विटामिन ए की सिरप पिलाकर किया गया साथ में जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, पूजा अश्वनी वर्मा जनपद सदस्य व साहिल खान सरपंच ग्राम पंचायत धरसींवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विजय कुमार एक्का , डॉक्टर मंजुला भारती चिकित्सा अधिकारी धरसींवा बीके वर्मा, पर्यवेक्षक, इला सरकार, श्रीमती शकुंतला यादव सेक्टर पर्यवेक्षक सेक्टर धरसींवा व सीएचसी धरसींवा से सभी स्टाफ उपस्थित रहे।



### विभागीय समन्वय और माइक्रोप्लान

इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता गतिविधियां भी चलाई जाएंगी। शिशु संरक्षण माह के दौरान बच्चों का वजन, एवं हीमोग्लोबिन जांच सत्र स्थल में किया जाएगा। जांच में बच्चे कुपोषित पाए जाते हैं तो कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें उपचार के लिए पौषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर सुपोषित किया जाएगा। साथ ही, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को परामर्श भी दिया जाएगा।

# तामसिवनी कॉलेज के छात्रों ने किया विधानसभा भ्रमण



**आरंग।** शासकीय महाविद्यालय तामसिवनी के छात्र-छात्राओं ने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विवेक तिवारी, सदस्य हुलास साहू के प्रतिनिधित्व में तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता साहू, डॉ. ममता नामदेव एवं पूनम प्रकाश के मार्गदर्शन में नए विधानसभा भवन का भ्रमण किया। उन्होंने सदन में प्रश्नोत्तर काल के दौरान उपस्थित होकर कार्यवाही का अवलोकन किया। सदन में जनहित, लोककल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों (विधायकों) द्वारा किए जा रहे सवाल-जवाब की कार्यवाही को देखकर सभी छात्र-छात्राएं अभिभूत हुए। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से मिलकर उन्हें पढ़ाई में मेहनत कर उच्च अधिकारी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी छात्र-छात्राएं विधानसभा का भ्रमण कर एवं विधायकों से मिलकर अत्यंत प्रसन्न और गौरवान्वित महसूस किए।

# अब जागा रेलवे, वाटर कूलर से निकाला कीचड़, ढक्कनों में कसे गए पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जरा संभलकर... वाटर कूलर की सफाई कराना भूल गया रेलवे, टैंक के भीतर कीचड़... शीर्षक से हरिभूमि ने मंगलवार के अंक में स्टेशन में लगे वाटर कूलर की स्थिति को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की, जिसके बाद अब रेलवे प्रशासन हरकत में आया। मंगलवार को वाटर कूलर की सफाई के साथ मेंटेनेंस का कार्य किया। खास बात यह है कि रेलवे प्रशासन को वाटर कूलर की सफाई इसी महीने 2 मार्च को करनी थी, लेकिन जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस वजह से वाटर कूलर के भीतर गंदगी फैल गई थी, जिसका पानी रोजाना हजारों यात्री पी रहे थे।

अलग का असर

हरिभूमि ने खबर में बताया था कि रेलवे समय पर वाटर कूलर की सफाई नहीं कर रहा है। खबर प्रकाशित होने के बाद सुबह से ही स्टेशन में वाटर कूलर की सफाई शुरू हुई, जो दोपहर तक चली। इस दौरान स्टेशन में लगे दर्जनों वाटर कूलर के टैंक की सफाई के साथ मेंटेनेंस का कार्य भी किया गया। वाटर कूलर के टैंक के ढक्कनों में स्क्रू भी लगाए गए, ताकि आसानी से कोई खोल न सके और धूल व गंदगी अंदर न जा सके।

## रेलवे स्टेशन के दर्जनों वाटर कूलर के टैंक साफ किए

### अब 17 अप्रैल को होगी अगली सफाई

स्टेशन में दो दर्जन से भी अधिक वाटर कूलर लगे हुए हैं। मंगलवार को सफाई के बाद अब वाटर कूलरों पर 17 अप्रैल को अगली सफाई की तारीख वाली पर्ची लगा दी गई है। इसमें दर्ज किया गया है कि 17 मार्च को इसकी सफाई हुई है और अगले महीने की 17 तारीख को फिर सफाई होनी है। गर्मी की वजह से अब ज्यादातर लोग वाटर कूलर का ही ठंडा पानी पीते हैं। उपयोग अधिक होने के कारण समय-समय पर टैंक की सफाई बेहद जरूरी है, जिसे तय समय पर करवाना रेलवे प्रशासन की जिम्मेदारी है।



### ढक्कनों को किया गया पैक, लगाए गए स्क्रू

स्टेशन के कुछ वाटर कूलर नए हैं तो कुछ पुराने हो चुके हैं। पुराने कूलरों के ढक्कन आसानी से खुल जाते थे और पूरी तरह बंद न होने के कारण बाहर की गंदगी सीधे अंदर जा रही थी। मेंटेनेंस के दौरान इन ढक्कनों को अच्छी तरह बंद करने के लिए उनमें स्क्रू लगाए गए हैं। अब उम्मीद है कि पानी के टैंक के अंदर दोबारा धूल और गंदगी जमा नहीं होगी और यात्रियों को स्वच्छ व शीतल जल मिल सकेगा।

## अमृत कुंभ सम्मान से ऋचा हुई सम्मानित



रायपुर। हिंदी भाषा के संवर्धन, प्रचार-प्रसार एवं उसके वैश्विक महत्व को बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड 2025' एवं 'अमृत कुंभ 2025' लेख प्रतियोगिता में देश-विदेश के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल गायत्री नगर की संस्कृत विभागाध्यक्ष ऋचा पाठक को उनके उत्कृष्ट लेखन, हिंदी भाषा के प्रति समर्पण एवं साहित्यिक योगदान के लिए 22 फरवरी को 'अमृत कुंभ सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रक्षा मंत्रालय से संबद्ध लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### अश्विनी कुमार मिश्रा



रायपुर। दुर्गा बोरसी निवासी अश्विनी कुमार मिश्रा कसही पाटन वाले (82) का 17 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे भारतीय सेना के वरिष्ठतम अधिकारी मेजर जनरल सुधीर शर्मा के पिता थे। उनके निधन पर बड़ी संख्या में परिजन और मित्रों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अश्विनी दुबे



रायपुर। जनता कॉलोनी निवासी अश्विनी दुबे (53) का 17 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 मार्च को दोपहर 12 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नवनीत दुबे और विकास दुबे के भाई थे।

### रामकिशन यादव

रायपुर। रामलीला मंडली से जुड़े रायपुर निवासी रामकिशन यादव का 17 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 मार्च को दोपहर 12 बजे शक्तिनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे तरुण, ईश्वर एवं राम यादव के पिता थे।

## खालसा स्कूल के सामने से हटाए गए 69 दुकानदारों का शंकर नगर में क्रिस्टल आर्किड के सामने व्यवस्थापन

# एमआईसी की बैठक में 21 एजेंडों पर चर्चा, बजट प्रस्तावों को मिली अनुशंसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के महात्मा गांधी सदन स्थित एमआईसी कक्ष में मंगलवार को एमआईसी की बैठक हुई। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 21 एजेंडों पर चर्चा की गई, साथ ही नामकरण व स्थल परिवर्तन के 3 अतिरिक्त प्रस्ताव पर एमआईसी की मुहर लगी। इस बैठक में सबसे अहम निर्णय वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों की अनुशंसा करते हुए उन्हें अब नगर निगम की 30 मार्च को होने वाली सामान्य सभा की बैठक में चर्चा के लिए रखने के निर्देश दिए हैं।

### एमआईसी में इन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद स्वीकृति

शहर के पथकर विक्रेताओं की सुविधा और उन्हें सुरक्षित व सम्मानजनक आजीविका चलाने के लिए 15 अलग-अलग स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने के प्रस्ताव चर्चा के बाद पारित किया गया। जिसमें खमतराई बाजार, डीआरएम आफिस के पीछे , तेलीबांधा एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे वाली जगह, कचना फाटक के पास और कचना ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसी तरह गीतांजलि नगर में उद्यान के पास, काशीराम नगर गार्डनके सामने सर्विस रोड से लगे हुए क्षेत्र। केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई होल्कर चौक, सुभाष स्टेडियम के बाजू चर्च गली, वनभैसा तिराहा, स्वर्गीय नंदकुमार पटेल चौक के पास से हेमू कालाणी तिराहा में रात्रिकालीन चौपाटी। आरकेसी गेट व आश्रम तिराहे के पास, खोखो तालाब में एसटीपी के पास, मठपुरैना में त्रिमूर्ति मंदिर के सामने, आमानाका ओवरब्रिज के बाजू में, मोवा ओवरब्रिज के नीचे, जोरापारा तालाब के पास, पौनी पसारी के पास कौशिल्या विहार।

### 18 प्रमुख रोड जंक्शन विकास कार्य

- शहर में मिलेनियम प्लस सिटी के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 1, 60, 000 डस्टबिन की होगी खरीदी
- पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि से डामरीकरण
- कविता नगर एमएम जूनियर स्कूल के सामने से सुरेश मिंजवानी के निवास के सामने से आरसीसी नाला चौड़ीकरण
- लभांडी से छोकरा नाला तक नाला निर्माण कार्य
- आकांक्षी शौचालय निर्माण में दो स्थानों पर स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव
- पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय संचालन के लिए मुक्तिधाम कोटा के सामने सामुदायिक भवन का अस्थायी आवंटन
- नलघर के पास पुराने महापौर निवास को ईडी कार्यालय के लिए अस्थायी रूप से दिए जाने संबंधी प्रस्ताव
- निराश्रित पेंशन के 84 और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 24 नए प्रकरणों को मंजूरी
- बलिदानी सैनिकों मेजर यशवंत गोविंद गोरे और मेजर सत्य प्रदीप दत्ता की मूर्ति स्थापित किए जाने संबंधी प्रस्ताव

### बैठक में ये रहे मौजूद

महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य महेंद्र खोडियार, मनोज वर्मा, अवतार बागल, दीपक जायसवाल, संतोष साहू, नंदकिशोर साहू, खेमकुमार सेन, भोलाराम साहू, सरिता दुबे, डॉ. अनामिका सिंह, गायत्री चंद्राकर, संजना हियाल सहित अन्य सदस्य और अपर आयुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, उपायुक्त, जोन कमिश्नर तथा विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

## नगर निगम की सामान्य सभा 30 को, महापौर का बजट अभिभाषण, 1 घंटे का प्रश्नकाल

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर के आदेश पर नगर निगम सचिवालय ने मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक की तारीख घोषित कर दी है। 30 मार्च को प्रातः 11 बजे से महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है।

समापति श्री राठौर के सभापतित्व में एमआईसी के संकल्प अनुसार निर्धारित 17 एजेंडों पर एजेंडावार सदन में चर्चा और विचार विमर्श किया जाएगा। सामान्य सभा की बैठक मे पिछली बैठक की पुष्टि की जाएगी। इसके बाद 1 घंटे का प्रश्नकाल रहेगा। इसमें पार्षदों द्वारा शहर विकास को लेकर पूछे गए प्रश्नों के जवाब संबंधित विभाग के भारसाधक सदस्य देंगे। इसके बाद महापौर मीनल चौबे रायपुर नगर निगम के वित्त वर्ष 2026-27 का निगम बजट प्रस्तुत करेंगी। यह दूसरा मौका होगा जब महापौर के रूप में महापौर मीनल चौबे अपने कार्यकाल का दूसरा निगम बजट पेश करेंगी। सूत्रों के मुताबिक इस बार भी नगर निगम में फायदे का बजट प्रस्तुत करने की तैयारी है।

*प्रश्नकाल के लिए इन पार्षदों ने लगाए सवाल :-*

**आकाश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष और पार्षद पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड**

प्रश्न 1. जल बोर्ड गठन करने का अधिकार नगर निगम को है क्या ? जल बोर्ड किस तरह कार्य कर रहा है ?

प्रश्न 2. जब से जल बोर्ड बना तब से लेकर आज तक समस्या ग्रस्त वार्डों में किन-किन वार्डों में पेयजल समस्या समस्या का समाधान किया गया है?

आने वाले गर्मी को देखते हुए जलबोर्ड ने क्या तैयारी की है, रायपुर नगर निगम के किन-किन वार्डों में पानी की समस्या है, निराकरण की क्या कार्ययोजना बनाई गई है?

**रेणु-जयंत साहू, पार्षद लालबहादुर शास्त्री वार्ड**

प्रश्न 1. लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों के अभिन्यास की प्रति, तथा कितने निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, बिना स्वीकृति और नक्शे के विरूद्ध निर्माण करने वालों पर क्या कार्यवाही की गई?

प्रश्न 2. वित्तीव वर्ष 2024-25 में कुल स्वीकृत बजट राशि एवं व्यय की गई राशि का विवरण दें, संबंधित वित्तीय वर्ष में प्रत्येक वार्ड में कितनी राशि आवंटित एवं व्यय की गई ? जिन वार्डों की राशि पूर्णतः, खर्च नहीं हुई, उसके कारण क्या थे, एवं जिम्मेदार अधिकारी कौन थे?

**शेख मुशीर पार्षद, शहीद अब्दुल हमीद वार्ड**

प्रश्न 1 . सेंट्रल टीम में कितने सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं?

प्रश्न 2 क. पिछले एक वर्ष में फरवरी 2025 से फरवरी 2026 तक कितने जगह कार्य किए गए हैं जानकारी दें?

## हिंदू नववर्ष पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा



रायपुर। हिंदू नववर्ष के अवसर पर रामराज परिवार द्वारा 18 मार्च को सप्रे मैदान बूढ़ापारा से भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा शाम 7 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक शामिल होंगे। रामराज परिवार के अध्यक्ष अजय गवली ने बताया कि यह शोभायात्रा अपने भव्य स्वरूप और सांस्कृतिक विविधता के लिए जानी जाती है। इस वर्ष की शोभायात्रा में महाराष्ट्र का ढोल, बनारस का डमरू, नागपुर का धमाल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसी दौरान संयोजक प्रदीप साहू ने बताया कि बालाघाट की मां काली की भव्य झांकी, ओडिशा का मेलोडी म्यूजिक, राऊत नाचा, पंथी नृत्य एवं बस्तरिया नृत्य रायपुर पुरानी बस्ती अखाड़ा मां दुर्गा की झांकी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

उन्होंने धर्मप्रेमी नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शोभायात्रा को सफल बनाएं एवं इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाएं।

# मौदहापारा-मरही माता मंदिर सहित अन्य जगहों पर हुई आपराधिक घटनाओं में शामिल 12 आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। राजधानी रायपुर के मौदहापारा, मरहीमाता मंदिर के पास सहित अन्य जगहों पर चाकूबाजी, मारपीट तथा हथियार लेकर घूमने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कई आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने सभी के विरुद्ध गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अपराध के प्रति अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एसीसीयू (क्राइम यूनिट) एवं थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर में कानून व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। इनमें एक घटना में मौदहापारा बस्ती में 16 मार्च तालाब पार बीटीएस चौक के पास पुरानी रंजिश पर आरोपियों ने प्रार्थी एवं उसके साथी के साथ विवाद और मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया। इस घटना में दो लोगों को चोटें आई है। पुलिस ने इस मामले में तत्काल टीम गठित कर आरोपियों में रवि रक्सेल (19), हर्ष कोसले (19), अभय रक्सेल (19) एवं लोकेश रक्सेल (26) को तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कई धारदार हथियार जब्त किए गए हैं।

पेज 11 के शेष ...

### आधी रात बदला मौसम आंधी...

बुधवार को बिलासपुर और सरगुजा संभाग में नजर आने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में राज्य का मौसम थोड़ा बदला हुआ है। सोमवार को गरियाबंद, धमतरी, कुरुद सहित कई इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे थे। रात होने के बाद मौसम का मिजाज फिर बदला और इस बार असर रायपुर, रायगढ़ जिले में भी नजर आया। राजधानी समेत आसपास के क्षेत्रों में रात दो बजे के बाद हवा की गति बढ़कर 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई। इसके साथ बड़ी-बड़ी बूंदों के साथ काफी देर तक बारिश भी हुई।हवा की गति इतनी तेज थी कि ऊंचाई पर लगे होर्डिंग्स के फ्लैक्स फट गए। वहीं बारिश के प्रभाव से तापमान में ठंडकता आ गई और न्यूनतम तापमान 25 से लुढ़ककर 18 डिग्री तक पहुंच गया। हवा की रफ्तार अधिक होने की वजह से कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था भी बाधित हो गई। बदले मौसम का असर दिन में मामूली रूप से हुआ और वातावरण में मौजूद ठंडकता के कारण गर्मी का कम अहसास हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक कल बुधवार 18 मार्च को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। ओलावृष्टि जैसी स्थिति मुख्यतः सरगुजा और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले बन सकती है। *सर्वाधिक 37.4 डिग्री दुर्ग में दर्ज :* मंगलवार को अधिकतम तापमाम 37.4 डिग्री दुर्ग में दर्ज किया गया। इसके अलावा बिलासपुर का तापमान 36.4, रायपुर का पारा 36.2, माना का 35.6, पेंड्रा 34.8, अंबिकापुर 34.0, जगगदलपुर 34.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान में अभी दो से तीन दिन इसी तरह गिरावट रहने की संभावना है।

### अस्पताल के सीवरेज टैंक में दम घुटा...

हो गए और हंगामा करते हुए इस हादसे के लिए अस्पताल प्रबंधन और सफाई ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया। पुलिस के अनुसार, रामकृष्ण अस्पताल परिसर के पीछे बने सीवरेज टैंक (गटर) की सफाई के लिए अस्पताल प्रबंधन ने तीन सफाईकर्मी बुलाए थे। तीनों कर्मी रात करीब 8 बजे अस्पताल परिसर पहुंचे। सूत्रों से पता चला है कि गटर में पहले एक सफाईकर्मी नीचे उतरा, जहां वह जहरीली गैस की चपेट में आते ही बेहोश होकर अंदर ही गिर गया। उसके बेहोश होने के बाद दूसरा कर्मचारी मदद के लिए नीचे पहुंचा तो वह भी बेहोश हो गया। इसके बाद तीसरा व्यक्ति भी इसी प्रकार बेहोश होकर गटर के अंदर ही गिर गया। इस तरह गटर में उतरे तीनों सफाईकर्मी वहीं बेहोश हो गए। घटना के बाद जब तक अन्य लोगों की मदद से उन्हें गटर से बाहर निकाला जाता, तीनों की मौत हो चुकी थी।

**नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**
**(Affidavit Publication)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **धुज राम**, पिता/अभिभावक सेवा क्रमांक **14440421P**, पद- हवलदार (HAV), निवासी ग्राम सनौद, पोस्ट सनौद, तहसील गुरूर, जिला बालोद (छत्तीसगढ़), पिन-491222, द्वारा यह घोषणा करता हूँ कि मेरे सेवा अभिलेखों में दिनांक 13 सितम्बर 2001 से मेरा नाम "**धुज राम (DHUJ RAM)**" अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण (गलत) है। मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड (**दिनांक 27/06/2018**) तथा अन्य शासकीय दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही एवं पूर्ण नाम "**दुज राम निषाद (DUJ RAM NISHAD)**" है।

अतः मैं यह घोषणा करता हूँ कि भविष्य में मेरा सही नाम "**दुज राम निषाद**" ही माना एवं उपयोग किया जाए। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि "**धुज राम**" और "**दुज राम निषाद**" दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, अर्थात मैं स्वयं। यदि किसी को इस नाम परिवर्तन/ संशोधन पर कोई आपत्ति हो, तो वे इस प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

स्थानः बालोद
दिनांकः 16/03/2026
**आवेदक**
**दुज राम निषाद**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक - 54**, को **श्रीमती पुष्पांजली रेड्डी पति श्री चन्द्रशेखर रेड्डी** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक **04.04.2011** को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्रीमती पुष्पांजली रेड्डी पति श्री चन्द्रशेखर रेड्डी** निवासी नियर ओल्ड दुर्गा चौंक, राजातालाब रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्री घनश्याम कुमार वर्मा पिता श्री मंतराम वर्मा** निवासी 91 अ, वार्ड नं.-11, विद्यालय वार्ड, खुड़मुड़ी, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-54**, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अंदर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**// आम सूचना //**

(ग्राम मठपुरैना, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि के संबंध मे)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लीलाधर साहू पिता विष्णु राम साहू निवासी मकान नंबर 1040, शिव नगर, झंडा चौक, वार्ड नंबर 67, न्यू चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. एवं विक्रेता बाबूलाल पटेल पिता स्व. श्री जैतराम पटेल निवासी मकान नंबर 04, सेक्टर 01, गली नंबर 01, वार्ड नंबर 62 शक्ती माता मंदिर के पास, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर छ.ग. के मध्य ग्राम मठपुरैना प.ह.न. 61 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 325/698 रकबा 0.0484 हे. मे से 996 वर्गफीट भूमि का विधिवत क्रय विक्रय का सौदा कर लिया है तथा दोनो पक्षो के मध्य विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है।

अतः यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, वित्तीय संस्था, कंपनी, फर्म, अथवा अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर प्रमाण सहित अपना लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति नही होने पर यह माना जायेगा कि किसी को उक्त भूमि के संबंध में कोई दावा या आपत्ति नही है। तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगे, जिसके लिए बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।

यह सूचना जनहित मे प्रकाशित की जाती हैं
स्थान- रायपुर (छ.ग.) दिनांक - 17/03/2026
**गोविन्द साहू अधिवक्ता**
**आफिस- गली नंबर 04, कोटा रोड, गोकुल नगर गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 9754579294**

## बिजनेस साइट

### बीएमसी में छठे ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन और सोलर पॉवर सिस्टम की शुरुआत



रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर(बीएमसी) ने कैंसर देखभाल को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने छठे ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। 170 बिस्तरों वाले इस विशेष कैंसर अस्पताल में बढ़ते मरीजों और जटिल सर्जरी की मांग को देखते हुए यह विस्तार किया गया है। नए ओटी के शुरू होने से सर्जरी के लिए प्रतीक्षा समय कम होगा और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। इसी अवसर पर अस्पताल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए सोलर पावर सिस्टम भी शुरू किया। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और ऊर्जा की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित होगी। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्षा ज्योति अग्रवाल ने कहा कि संस्थान मरीजों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए लगातार सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। वहीं, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस नया ओटी बेहतर और सुरक्षित सर्जरी में सहायक होगा।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क डायबिटिक फुट जांच शिविर 20 मार्च को

रायपुर। मधुमेह के बढ़ते मामलों और उससे जुड़ी जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, भाठागांव में 20 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष निशुल्क डायबिटिक फुट जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 10,000 रुपए तक की जांचें मुफ्त उपलब्ध होंगी। विशेषज्ञ बताते हैं कि लंबे समय तक अनियंत्रित मधुमेह नसों और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है, जिससे पैरों में संवेदनशीलता कम हो जाती है और छोटे घाव गंभीर संक्रमण का रूप ले सकते हैं। समय रहते जांच और उचित उपचार से अल्सर, ऑस्टियोमायलाइटिस और गैंग्रीन जैसी जटिलताओं से बचा जा सकता है। शिविर में क्लीनिकल जांच, घाव एवं संक्रमण का मूल्यांकन, जीवनशैली परामर्श और गंभीर मामलों के लिए सर्जिकल सलाह दी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने मधुमेह रोगियों से अपील की है कि वे पूर्व पंजीकरण कर इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाएं।

UMH आयुष्मान भवः

### मैट्स विश्वविद्यालय में एचआर शिखर सम्मेलन 4.0 का सफल आयोजन



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय में 81वीं जीएचआरडीएन बैठक के अंतर्गत मानव संसाधन शिखर सम्मेलन 4.0 का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देशभर के मानव संसाधन विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि, शिक्षाविद और पेशेवर शामिल हुए। कार्यक्रम ने एचआर क्षेत्र की नई प्रवृत्तियों, चुनौतियों और नवाचारों पर चर्चा के लिए प्रभावी मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. के. पी. यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया और कुलसचिव गोकुलानंद पांडा की उपस्थिति रही। अध्यक्षता सुरेंद्र गेडाम ने की, जबकि समन्वय एस. के. लाजेवर और सुरेश ने संभाला। सम्मेलन में डी. के. मोहंती, डॉ. राज्जू कुमार, अभिषेक सिंह, श्याम वर्मा और साइमन जॉर्ज जैसे विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। विचार गोष्ठी में नेतृत्व विकास, डिजिटल परिवर्तन और प्रतिभा प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

### वैवाहिक सीजन के लिए वस्त्रम विकास का शानदार फैशन कलेक्शन

रायपुर। वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में मेन्स वियर और लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास पिछले 30 वर्षों से रायपुर समेत पूरे प्रदेश के कई परिवारों की फैशन डिमांड को पूरा करता आ रहा है। इस वैवाहिक सीजन के लिए शॉप ने पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेहतरीन डिजाइन और वैरायटी की पेशकश की है। पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा स्टाइलिश जैकेट के साथ सिर्फ 1599 रुपए में उपलब्ध है। इसके अलावा ब्रांडेड सूटिंग और शर्टिंग पर आकर्षक छूट का ऑफर चलाया जा रहा है, जो ग्राहकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स प्राप्त कर रहा है। केपी देवांगन ने बताया कि यह ऑफर टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा सहित सभी शाखाओं में समान रूप से उपलब्ध होगा, ताकि हर ग्राहक इसका लाभ उठा सके।

वस्त्रम् विकास

### आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया



रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के अध्यक्ष नंदकुमार साहू का 11 अप्रैल को जन्मदिन अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नंदकुमार साहू ने 1990 से 2020 तक हरदिहा साहू समाज के अध्यक्ष के रूप में 30 वर्षों तक समाज सेवा की है और भाजपा में मण्डल अध्यक्ष एवं जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं। आर.डी.ए. अध्यक्ष बनने के बाद से नंदकुमार साहू ने अधोसंरचना विकास, आवासीय योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी है। उनके निर्देशन में टिकरापारा योजना का पुनर्निर्माण, कमल विहार जैसी नई नगर योजनाओं की शुरुआत और बोरियाखुर्द योजना के ईडब्लूएस मकानों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि अध्यक्ष ने हितग्राहियों को सरचार्ज राशि में छूट दी और शहर के मास्टर प्लान के अनुरूप व्यवस्थित विकास पर जोर दिया। जन्मदिन के अवसर पर सभी ने उन्हें दीर्घायु, सुख-समृद्धि और सफलता की शुभकामनाएं दी।

### 'योग एवं उद्योग' विषय पर विशेष व्याख्यान एवं अलंकरण समारोह आयोजित



रायपुर। भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक, रूद्री द्वारा 'योग एवं उद्योग' विषय पर विशेष व्याख्यान एवं छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के महत्व और उद्योगों में इसके व्यावहारिक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने युवाओं को राष्ट्रभक्ति और शारीरिक व मानसिक विकास में योग के योगदान पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव प्रकाश ने की, जिन्होंने योग को उद्योग और व्यावसायिक निर्णयों में सहायक बताया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ कश्यप और सूरज सिंह परिहार, पुलिस अधीक्षक, धमतरी ने युवाओं और पुलिस बल में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कॉलेज के सफल पूर्व छात्रों का सम्मान और अतिथियों को स्मृति चिन्ह से नवाजा गया।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर। शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने की बात पर मारपीट करने वाले आरोपी के विरुद्ध सरस्वती नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी बलवंत देवार निवासी कुकरबेड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 मार्च को शाम 5 बजे बाजार चबूतरा ओवरब्रिज के पास कन्हैया नामक व्यक्ति ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। उसने जब पैसे देने से इंकार कर दिया तो इस बात आरोपी ने गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट कर पाइप से हमला किया। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 296, 115- 2, 351-2, 119-1 के तहत अपराध दर्ज किया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## दो लाइनमैनों को राष्ट्रीय पुरस्कार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मैदानी अमलों की दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दो लाइनमैन को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यरत ओंकार साहू लाइन सहायक श्रेणी-1 (220 केवी उपकेंद्र सरायपाली) एवं सीताराम लाइन परिचारक श्रेणी-1 (एमआरटी संभाग भिलाई) को दिल्ली में तकनीकी दक्षता एवं निरंतर बिजली आपूर्ति के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। ओंकार साहू ने वर्ष 2025 में सरायपाली, बसना और सांकरा सब-स्टेशन पर अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें 160 एमवीए ट्रांसफार्मर का आंतरिक निरीक्षण, तेल निस्पंदन, सीटी प्रतिस्थापन, पैनल इंस्टालेशन एवं बैटरी सेट रिप्लेसमेंट तथा इंसुलेटर बदलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

## 4 महीने से मानदेय नहीं मिला, व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने 4 माह के लंबित मानदेय को लेकर मोर्चा खोल दिया है। राजधानी के पेंशनबाड़ा स्थित समग्र शिक्षा कार्यालय के सामने एकजुट व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने मानदेय भुगतान की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आयुक्त समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय के नाम ज्ञापन सौंपा। दरअसल, छत्तीसगढ़ के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत 2 हजार व्यावसायिक प्रशिक्षकों को पिछले 4 माह से मानदेय का भुगतान नही होने से उनके सामने आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है संतुष्टि प्रमाणपत्र जमा होने के बाद भी मानदेय भुगतान में विलंब और पिछले एक साल से इंक्रीमेंट फाइल लंबित होने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार साहू, प्रदेश प्रवक्ता संजय ठाकुर का कहना है कि नवीन नियुक्त व्यावसायिक प्रशिक्षकों का 4 महीने का वेतन लंबित रखा गया है, जो कि अनुचित है।

# शहर में रहकर नक्सलियों के लिए कार्य करने वाले 9 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में रहकर नक्सलियों का सहयोग करने के मामले में भाकपा (माओवादी) अर्बन नेटवर्क के गिरफ्तार किए गए 9 आरोपियों के विरुद्ध राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) ने मंगलवार को विशेष न्यायालय बिलासपुर में चार्जशीट पेश की है। इस चार्जशीट में आरोप लगाए गए हैं कि सभी आरोपी शहर में रहकर नक्सलियों के लिए काम किया करते थे। गोपनीय सूचनाओं के साथ वे नक्सलियों को उनकी जरूरत की सामग्री पहुंचाते थे। इन आरोपियों को राजधानी रायपुर के अलावा बीजापुर एवं नारायणपुर से गिरफ्तार किया गया था

**डीडीनगर क्षेत्र से दंपति की गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क का खुलासा :** रायपुर पुलिस ने 23 सितंबर 2025 को डीडी नगर थाना क्षेत्र में माओवादियों के शहरी नेटवर्क को संचालित करने वाले दो आरोपी डीवीसी जग्गू कुरसम एवं एसीएम कमला कुरसम को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अन्य आरोपी रामा इचाम, धनसिंग गावड़े, संदेव पोडियामी, गिरधर नाग, सुकारो कोरसा एवं शंकर कोरसा को गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच में यह पाया गया है कि माओवादी संगठन के शीर्ष नेताओं के कहने पर माओवादी संगठन का सदस्य आकाश उर्फ पवन उर्फ पुष्कर भुआर्य रायपुर आकर एक मकान किराए से लिया था तथा स्वयं को मजदूर बताने के लिए मजदूरी करने लगा। बाद में संगठन के डीवीसी जग्गू कुरसम और उसकी पत्नी कमला कुरसम को रायपुर लाकर एक किराए के मकान में रुकवाया।

**एसआईए की चार्जशीट में आरोप- नक्सलियों को पहुंचाते थे गोपनीय सूचना के साथ जरूरत की सामग्री**

### निर्धारित कोडवर्ड का करते थे उपयोग

जांच में यह भी पाया गया है कि निर्धारित कोडवर्ड का उपयोग करके सभी आरोपी समय-समय पर रायपुर, सिमगा, नवापारा राजिम, बिलासपुर आदि जगह पर मिलते थे तथा विधि विरुद्ध वस्तुओं एवं संदेशों का आदान प्रदान करते थे। इस प्रकार शहर में रहते हुए पवन जग्गू, कमला और रामा इचाम माओवादी संगठन की अवैध गतिविधियों को संचालित कर रहे थे। गिरधर नाग, संदेव पोडियम, धनसिंग गावड़े, सुकारो कोरसा, शंकर कोरसा अंदरूनी जंगल क्षेत्रों से माओवादियों के बड़े नेताओं के निर्देश पर विधि विरुद्ध वस्तुएं एवं सूचनायें लेकर कुरियर के रूप में शहर आते थे तथा शहर के सदस्यों से प्राप्त विधि विरुद्ध वस्तुएं एवं सूचनाएं साथ लेकर जंगल वापस जाकर माओवादियों के बड़े नेताओं को देते थे।



### 300 ग्राम सोना, ढाई लाख रुपए सहित अन्य सामग्री बरामद की थी

इस मामले की जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 300 ग्राम सोना, नकद करीब ढाई लाख रुपए, लैपटॉप, बड़ी मात्रा में पेन ड्राइव, मोबाइल, मोटर साइकिल तथा माओवादियों के लिए उपयोगी सामग्री बरामद की गई थी।

### 5 लाख आबादी को आधुनिक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य की मिलेगी सुविधा

# सरोना में 100 बिस्तर वाले तीन मंजिला अस्पताल का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रायपुर-सरोना इलाके में आदिवासी कन्या छात्रावास के समीप 100 बिस्तरों वाला भव्य और अत्याधुनिक सरकारी अस्पताल बनेगा। इसका भूमिपूजन समारोह 18 मार्च को आदिवासी कन्या छात्रावास के समीप शाम 4 बजे से आयोजित है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर क्षेत्र विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा क्षेत्र विधायक अनुज शर्मा उपस्थित रहेंगे। समारोह में रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित स्थानीय पार्षदगण और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। सरोना में 100 बिस्तरों वाला आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल का निर्माण जल्द होगा। इसका भूमिपूजन समारोह 18 मार्च को आयोजित है। सरोना क्षेत्र में तीन मंजिला अस्पताल के बनने से रायपुरा, सरोना, भाठागांव चंगोराभाठा, डगनिया, सुंदर नगर सहित 5 लाख आबादी को अपने घर के नजदीक ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार को इलाज के लिए मेकाहारा या निजी अस्तपालों की दौड़ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रायपुर पश्चिम को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है, स्वास्थ्य मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। आदिवासी कन्या छात्रावास के पास बनने वाला यह अस्पताल केवल ईंट - पत्थर की इमारत नही है, बल्कि यह लाखों लोगों के लिए संजीवनी साबित होगी। यह अस्पताल पश्चिम विधानसभा के इतिहास में स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा केन्द्र बनकर उभरेगा।

**खास बातें**

- रायपुरा, सरोना, भाठागांव, चंगोराभाठा, डगनिया, सुंदरनगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के गरीब व मध्यवर्गीय परिवार को इलाज में राहत
- मरीजों के लिए अस्पताल तीन तलों में विभाजित



### तीन मंजिला अस्पताल में मिलेंगी ये सुविधाएं

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित आधुनिक अस्पताल को मरीजों की सुविधाओं के लिए तीन तलों में विभाजित किया गया है।

**भूतल:** मुख्य प्रवेश लॉबी, इमरजेंसी वार्ड, 3 अलग-अलग प्रतीक्षा क्षेत्र, आयुष्मान कार्डरूम , कैफेटेरिया डॉक्टरों के लिए केबिन, 3 प्रकार के लैब कक्ष, सोनोग्राफी और रेडियोलॉजी विभाग,माइनर ओटी रूम, मेडिकल स्टोर, मरीजों के लिए रैंप और स्ट्रेचर लिफ्ट।

**प्रथम तल:** हमर लैब, प्रशासनिक कार्यालय, नर्सिंग स्टेशन, 30 बेड वाला पुरूष जनरल वार्ड, 24 बेड वाला महिला जनरल वार्ड, डॉक्टर्स केबिन, स्त्रीरोग विभाग, मेजर ओटी, आईसीयू की सुविधा।

**द्वितीय तल :** मीटिंग हॉल, 30 बेड का पुरुष जनरल वार्ड, महिला जनरल वार्ड 24 बेड, वेटिंग एरिया, ब्लड बैंक, आई वार्ड, मेजर ओटी, आटो क्लेव, फैमिली प्लानिंग रूम और बर्न वार्ड की सुविधा।

# पैक होकर पहुंची रीवा-रायपुर की पहली फ्लाइट, 12 घंटे का सफर अब सवा घंटे में

**रायपुर।** रीवा-रायपुर के बीच ट्रेन अथवा सड़क मार्ग से पूरा होने वाला सफर हवाई मार्ग से केवल 1.20 घंटे में पूरा हो जाएगा। मंगलवार को अलांयस एयर ने सप्ताह में तीन दिन वाली उड़ान मंगलवार से प्रारंभ कर दी। पहली उड़ान के दौरान 72 सीटर फ्लाइट फुल रही। इसमें मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला रायपुर पहुंचे। वापसी के दौरान में 80 फीसदी सीटें फुल थीं। मध्यप्रदेश के तीसरे शहर से रायपुर वायु मार्ग से कनेक्ट हो गया है। अलांयस एयर की एटीआर-72 अपने निर्धारित समय पर रीवा से उड़ान भरकर रायपुर पहुंचा। फ्लाइट में अन्य यात्रियों के साथ मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम भी सवार थे। विध्यांचल से छत्तीसगढ़ की हवाई कनेक्टिविटी से यात्रियों में काफी उत्साह देखा गया। रीवा से रायपुर की फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। जारी शेड्यूल के मुताबिक यह फ्लाइट नई दिल्ली से उड़ान भरकर दोपहर 12:30 बजे रीवा पहुंचेगी।




## केंद्रीय जेल से फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुराना जेल मुख्यालय से काम करने के दौरान भागे सजायाफ्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस पंकज सिन्हा की अदालत ने उत्तरप्रदेश के मथुरा निवासी चंद्रवीर सिंह उर्फ पिंटू को 25 जुलाई 2024 को 15 वर्ष कैद और 3 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया था। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 6 साल अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई गई थी। उसके अच्छे आचरण को देखते हुए जेल से बाहर काम के सिलसिले में भेजा गया था। आरोपी चंद्रवीर उर्फ पिंटू केंद्रीय जेल रायपुर से फरार होने के पश्चात लगातार स्थान बदलकर गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।







हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

आदिशक्ति की आस्था में प्रज्ज्वलित ....



छग के पहले अंतरिक्ष केंद्र में बच्चों को कराई जा रही विज्ञान की व्यावहारिक पढ़ाई, बच्चे समझ रहे विज्ञान का संसार

# स्कूली बच्चे सीख रहे इसरो की तरह सैटेलाइट बनाना वीआर तकनीक से जान-समझ रहे स्पेस सेंटर के रहस्य

छत्तीसगढ़ के पहले अंतरिक्ष केंद्र में बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब बच्चे चांद, सूर्य और अंतरिक्ष की चालों को न केवल करीब से देख रहे हैं, बल्कि रॉकेट लॉन्चिंग की सारी प्रक्रियाओं को बारीकी से सीख भी रहे हैं। हरिभूमि की टीम मंगलवार को नवा रायपुर के राखी स्थित सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में बने इस अंतरिक्ष केंद्र पहुंची, जहां अब बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की व्यावहारिक पढ़ाई कराई जा रही है।

**रायपुर।** केंद्र के प्रभारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि बच्चों को अब लैब में सैटेलाइट बनाना सिखाया जा रहा है, ठीक उसी तर्ज पर, जैसे इसरो में बड़े स्तर पर काम किया जाता है। छात्रों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि वे खुद का सैटेलाइट कैसे बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए सभी आवश्यक अत्याधुनिक उपकरण लैब में उपलब्ध हैं।





### इसरो जैसा धूलमुक्त वातावरण

*प्रभारी ने बताया कि केंद्र में बनी सैटेलाइट लैब की सबसे खास बात यह है कि यह पूरी तरह से धूल-मुक्त है। यहां सैटेलाइट बनाने के लिए बिल्कुल वैसा ही वातावरण तैयार किया गया है, जैसा इसरो की लैब्स में होता है। लैब में आने से पहले स्टूडेंट्स को विशेष ड्रेस पहनाई जाती है। उनके हाथ, पैर और सिर पूरी तरह से कवर होते हैं और लैब जैकेट पहनाने के बाद ही उन्हें अंदर प्रवेश दिया जाता है।*

### उद्देश्य के आधार पर तय होते हैं सैटेलाइट के उपकरण

*लैब के अंदर स्टूडेंट्स को बताया जाता है कि हम अंतरिक्ष में सैटेलाइट किस विषय के लिए भेजना चाहते हैं और उससे क्या जानकारी जुटाना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, अगर हमें भारत के मौसम की सटीक जानकारी चाहिए, तो सैटेलाइट में तापमान मीटर और विशेष सिग्नल उपकरण लगाने होते हैं। इसी तरह विभिन्न विषयों और उद्देश्यों के आधार पर सैटेलाइट बनाने की तकनीकी जानकारी स्टूडेंट्स को दी जा रही है। विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्र इस नई तकनीक और जानकारी को जानने के लिए बेहद उत्सुक नजर आ रहे हैं।*







### वीआर से देख रहे स्पेस सेंटर का नजारा

अंतरिक्ष केंद्र में स्कूली बच्चों को वीआर तकनीक काफी पसंद आ रही है। यहां वीआर के जरिए बच्चे सूर्य, चंद्रमा और मंगल ग्रह के साथ-साथ स्पेस सेंटर में होने वाले जटिल कार्यों को भी करीब से देख और सीख रहे हैं। वीआर हेडसेट लगाते ही बच्चों को ऐसा महसूस होता है मानो वे खुद अंतरिक्ष में पहुंच गए हों। यहां अंतरिक्ष से जुड़े अलग-अलग शानदार विजुअल्स मौजूद हैं। वीआर की मदद से छात्र यह भी देख और समझ पा रहे हैं कि जब कोई रॉकेट अंतरिक्ष में जाता है, तो उसके विभिन्न हिस्से कितने-कितने समय में अलग होते हैं। इसके अलावा, रॉकेट अंतरिक्ष में किस ओर जा रहा है और वापस नीचे पृथ्वी पर कहां लौट रहा है, यह सब भी वीआर के जरिए जीवंत रूप में दिखाया जा रहा है।

### समझ रहे चंद्र और सूर्यग्रहण का कारण

केंद्र में अंतरिक्ष से जुड़ी सभी जानकारियों को लैब, वीडियो और मॉडल के जरिए विस्तार से बताया जा रहा है। लैब में मौजूद ग्रहों के मॉडल से छात्र यह समझ रहे हैं कि सूर्य और चंद्रग्रहण क्यों और कब होता है, तथा पृथ्वी को सूर्य का चक्कर लगाने में कितना समय लगता है। इसके अलावा, यहां टेलीस्कोप की मदद से बच्चे चांद के गड्ढों को भी बेहद करीब से देख रहे हैं। अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ा पूरा इतिहास लैब में मौजूद है। स्कूल की नियमित क्लास की तरह ही, यहां भी बच्चों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान की विशेष क्लास लगाई जा रही है।



---

**सिटी इवेंट**

## शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन आरएसपीबी पीएसपीबी और एएआई का दबदबा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान और ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के मार्गदर्शन में अग्रसेन धाम में चल रही चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी 45वीं राष्ट्रीय पुरुष और 23वीं राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप 2026 में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। मंगलवार को खेले गए दूसरे राउंड के मुकाबलों में दिग्गज टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। ओपन वर्ग में आरएसपीबी और एएआई का दबदबा रहा, वहीं महिला वर्ग में पीएसपीबी ने शानदार खेल दिखाया। ओपन वर्ग के दूसरे राउंड में आरएसपीबी ए और आरएसपीबी बी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टॉप बोर्ड पर खेले गए मुकाबले बेहद रणनीतिक और उच्चस्तरीय रहे। आरएसपीबी ए के जीएम विशाख एनआर और केरल ए के अरुष ए. के बीच 'रेती ओपनिंग' से शुरू हुआ मुकाबला मिडलगेम और एंडगेम की कड़ी टक्कर के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसी तरह दूसरे बोर्ड पर आईएम हिमाल गुसैन (आरएसपीबी ए) और संजय पिल्लई (केरल ए) के बीच 'फ्रेंच डिफेंस' में खेला गया मुकाबला भी बराबरी पर छूटा।

### छत्तीसगढ़ का भी शानदार प्रदर्शन



23वीं राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन शीर्ष टीमों ने अपना दबदबा कायम रखा। पीएसपीबी और एएआई ने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। पीएसपीबी ने आंध्रप्रदेश सी को और एएआई ने तमिलनाडु को 4-0 के क्लीन स्वीप से हराया। महिला वर्ग के टॉप बोर्ड मुकाबलों में पीएसपीबी की मैरी ऐन गोम्स ने काले मोहरों से खेलते हुए शानदार रणनीतिक खेल दिखाया और आंध्रप्रदेश सी की चिन्नम वैष्णवी को मात दी। वहीं अर्शिया दास ने भी आक्रामक खेल दिखाते हुए 'क्वींस पॉन ओपनिंग' में वक्चेरी मोहिता को हराकर जीत दर्ज की। मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमों ने भी शानदार खेल दिखाया। छत्तीसगढ़ ए ने हिमाचल प्रदेश ए को 2-1 से और छत्तीसगढ़ B ने पंजाब को 3- से करारी शिकस्त दी। प्रदेश शतरंज संघ के सहसचिव ईश्वर सिंह राजपूत और इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन ने बताया कि दो राउंड के बाद पीएसपीबी, एएआई और आरएसपीबी जैसी टीमें सबसे मजबूत उभरकर सामने आई हैं। टॉप बोर्ड पर खेले जा रहे मुकाबलों ने प्रतियोगिता के उच्चस्तर को साबित कर दिया है और आगामी राउंड में और भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है।

## समानता की बात मंच से करना आसान लेकिन शुरुआत घर से होनी चाहिए

**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में जेंडर सेंसिटाइजेशनः अनलर्निंग स्टीरियोटाइप्स विषय पर चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय एफडीपी के दूसरे दिन 'सामाजिक रूढ़िवादिता खत्म करने' पर सार्थक चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. जया तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में समावेशी और 'जेंडर-न्यूट्रल' माहौल बनाना है। मुख्य वक्ता के रूप में पीआर फर्म 'संज्ञा' के संस्थापक गौरव गिरजा शुक्ला ने कार्यस्थल और समाज में महिलाओं के प्रति व्याप्त रूढ़ियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी फर्म का उदाहरण देते हुए समानता और विकेंद्रीकृत व्यवस्था के महत्व को समझाया। पैनल चर्चा में डॉ. कल्पना मिश्रा ने पाठ्यक्रम और बोलचाल में लिंग-तटस्थ शब्दावली के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में रूढ़िवादिता अपेक्षाकृत कम है। वहीं डॉ. प्रिया राव ने थर्ड जेंडर के कानूनी अधिकारों और उन्हें किराए पर मकान न मिलने जैसी व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।




### बदलाव की शुरुआत घर से होनी चाहिए

विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि मंच से समानता की बात करना आसान है, लेकिन इसकी असल शुरुआत घर से होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सरपंच चुनावों में महिलाओं की भागीदारी 54 प्रतिशत है, जो एक सकारात्मक संकेत है। डॉ. प्रमिला नागवंशी ने भी बदलाव की शुरुआत घर से करने की बात कही। निष्कर्ष यह रहा कि लैंगिक समानता के लिए स्वयं और परिवार से शुरुआत कर ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. रश्मि दुबे, आयोजन सचिव डॉ. गौतमी भातपहरी सहित सलाहकार व आयोजन समिति की डॉ. केके हैरिस, डॉ. रागिनी पांडे, डॉ. रितु मरवाह, डॉ. स्वप्निल कर्महे, डॉ. मुक्ता मल्होत्रा और प्रतिभा साहू की सक्रिय भागीदारी रही।

## चित्रांशोत्सव 3 मई को तैयारियों को लेकर हुई बैठक

*रायपुर। चित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति द्वारा 3 मई चित्रांशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम 23 अप्रैल को श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के अवसर पर मंदिरों एवं घरों में भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया जाएगा, साथ ही युवाओं द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी। इसके बाद 3 मई को भव्य शोभायात्रा रायपुर शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली जाएगी। साथ ही बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, म्यूजिकल कार्यक्रम, पत्रिका विमोचन एवं प्रतिभावान का सम्मान भी होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति की बैठक हुई। यह बैठक संयोजक संजय श्रीवास्तव के निवास में की गई। बैंठक में संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, कनक वर्मा, सुषमा श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अनुषा श्रीवास्तव, दीपेंद्र श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में चित्रांशजन उपस्थित थे।*

**कार्नर न्यूज**

प्रियदर्शिनी नगर में माहेश्वरी मंडल का आयोजन, अब 16 दिनों तक निभाई जाएगी परंपरा

## गणगौर उत्सव में माता पार्वती और शिवजी के स्वागत में गाए गीत, आसपास की महिलाओं को दिया न्योता

**रायपुर।** प्रियदर्शिनी माहेश्वरी महिला मंडल की पहल पर गणगौर पूजा उत्सव से जुड़ी परंपराओं का निर्वहन किया गया। इसमें आसपास रहने वाली महिलाओं को शामिल होने के लिए न्योता दिया गया। माहेश्वरी समाज की महिलाओं में गणगौर पूजा उत्सव की श्रृंखला में मंगलवार को शिवजी और माता पार्वती की पूजा विधि-विधान से की गई। पौराणिक प्रसंग है कि माता पार्वती 16 दिन के लिए अपने पीहर आती हैं, उनके पीहर आने से मेरा भात (मायरा) की रस्म निभाई गई। इसमें भाइयों ने महिलाओं को न्योता दिया। इसके बाद उत्सव में बत्तीसी नातते के साथ शामिल हुई। उसमें 32 चीजें होती हैं, जैसे 32 रुपए 32 मेवे, चावल और गुड़ दिया गया। इसके बाद भाई-बंधु मायरा लेकर आते हैं तो उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके चलते पूजा उत्सव में उल्लास का माहौल बना।



### तिलक लगाकर की गई बारातियों की अगवाई

*नीलिमा लड्ढा ने बताया कि इसके बाद गणगौर माता और भगवान शिव से जुड़ी परंपरा निभाते हुए गणगौर के कपड़े, जेवर, मिठाइयां, फल, मेवा जैसी सभी सामग्री लेने के बाद गणगौर की बारात बुलाई गई। इस दौरान भगवान शिवजी के साथ आए बारातियों का महिलाओं ने तिलक लगाते हुए स्वागत किया। इसके बाद विधि-विधान से परंपराओं का पालन करते हुए लग्न मंडप में लाया गया। जहां बारातियों की मौजूदगी में माता पार्वती और शिवजी का विवाह हुआ। गणगौर के साथ वरमाला की रस्म निभाते हुए महिलाओं ने झाला वारना यानी नजर नहीं लगे, यह सब करके गीत-संगीत के साथ उत्सव में धूम मचाई।*



### महिलाओं ने उत्सव को खास बनाने किया प्रयास

मंडल से जुड़ी महिलाओं के साथ आसपास की अन्य महिलाओं ने भी इस पूजा उत्सव में उत्साह से भाग लिया। गणगौर गीत, भजन गाते हुए विवाह के बाद पानी पानी पिलाया। इस परंपराओं का निर्वहन समाज की महिलाओं ने पूजा फेस्टिवल के रूप में किया। मस्ती-मजाक के माहौल में जिस तरह से पीहर आई बेटियों की वजह से खुशी और उत्सव का माहौल बनता है, कुछ वैसा ही माहौल मंडल की महिलाओं ने उत्सव को यादगार बनाने के लिए किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मंडल की महिलाओं ने दायित्व तय किए। रितु, अंतिमा, मोनाली, श्रद्धा, श्वेता, स्नेहा, मंजू बिनानी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

**धर्म लाइव**

## अध्यात्म साधक और ब्रह्मचारी रक्तांबर के आगमन पर स्वागत



**रायपुर।** एयरपोर्ट पर स्वामी ब्रह्मचारी रक्तांबर महाराज का भव्य स्वागत किया गया। गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान में 19 से 27 मार्च तक आध्यात्मिक साधना के लिए महाराज का आगमन हुआ है। इस अवसर पर एक दिव्य और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला, जब रायपुर एयरपोर्ट पर स्वामी ब्रह्मचारी संत शिरोमणि रक्तांबर महाराज का भव्य स्वागत करने के लिए आस्थावान लोग पहुंचे। इस अवसर पर श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीतांबर महाराज, प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ साहू, जिला अध्यक्ष नरेंद्र साहू के साथ उपेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, जिला सचिव देवेश देवांगन एयरपोर्ट पर महाराज की अगवाई के लिए पहुंचे। जिला संयोजक प्रवेश साहू, प्रहलाद देवांगन, कुलदीप साहू एवं राहुल साहू सहित श्रद्धालुओं ने स्वामीजी का पुष्पमाला से भावपूर्ण स्वागत किया।

### साधना के साथ ही विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान

आयोजन के संदर्भ में उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता एवं गायक डॉ. लिलेश्वर सिन्हा अपनी टीम के साथ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सुंदर एवं मनोरम वेशभूषा में उपस्थित रहे और उन्होंने भी स्वामीज का श्रद्धापूर्वक अभिनंदन किया। स्वामी ब्रह्मचारी रक्तांबर महाराज आगामी 19 से 27 मार्च तक राजधानी के गुढ़ियारी मैदान में मानव कल्याण के लिए कठोर साधना के साथ ही विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान में लीन रहेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक साधना का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए तैयारी की गई है। साथ ही व्यवस्था बनाने के लिए आयोजकों ने जिम्मेदारी तय किया है।

● राजधानी के देवी मंदिरों में ज्योति कलश कक्ष में तैयारी पूरी, जसगीत गायन के लिए मंडलियों को दिया न्योता

# आदिशक्ति की आस्था में प्रज्ज्वलित ज्योत-जंवारा कक्ष में बैगा और पंडा का दायित्व तय, नौ दिनों तक देंगे सेवा



'' इस नवरात्र का आगाज भले ही 19 मार्च को होने जा रहा है, लेकिन उससे पहले ही आदि शक्ति की आस्था में ज्योत-जंवारा कक्ष में नौ दिनों तक सेवा देने के लिए बैगा और पंडा का दायित्व तय किया गया। कक्ष में किस तरह की व्यवस्था रहेगी, इसका संचालन भी उनकी टीम द्वारा किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन ने जसगीत गायन से जुड़ी मंडलियों को भी नौ दिनों तक माता के धाम में गीतों की श्रृंखला सजाने के लिए न्योता दिया है। इसके साथ ही माता का दरबार भी अब रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाने लगे हैं। ''





**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि नजदीक आते ही मंदिर प्रबंधन ने तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू किया है। इन दिनों मंदिर प्रांगण और ज्योति कलश कक्ष को रंग रोगन के बाद उनमें व्यवस्था बनाने का दायित्व बैगा और पंडा के दल प्रमुखों को दिया जा रहा है। देवी धाम में अधिक ज्योति कलश स्थापित करने के लिए विशेष रूप से स्थान तैयार किए जा रहे हैं। इसमें भी तांबे और मिट्टी के कलश रखने की व्यवस्था बनाई गई है। देवी मां के प्रति आस्था और मन्नत रखने वाले श्रद्धालु लगातार मंदिरों में पंजीयन करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। जो अपने और परिजनों के नाम से ज्योति कलश स्थापित करवाने के लिए शुल्क भी जमा करवा रहे है। उनके नाम से इस बार अखंड ज्योति जहां नौ दिनों तक प्रज्ज्वलित होने वाली है। वहीं आने वाले उपासक परिवारों की सुविधा के लिए महामाया मंदिर में नौ हजार से ज्यादा लोगों ने पंजीयन करवा लिया है।

### जगमगाएंगे आस्था के हजारों ज्योति कलश

पुरानी बस्ती स्थित मां राजराजेश्वरी देवी महामाया मंदिर में जहां 11 हजार ज्योति कलश स्थापना की तैयारी है। वहीं आकाशवाणी स्थित मां महाकाली मंदिर में 3100 दीपों की श्रृंखला सजेगी। बंजारी धाम में भी 10 हजार से ज्यादा ज्योत कलश जगमगाएंगे। इससे पहले ज्योत कलश कक्ष की साफ-सफाई, ज्योत कलश पात्रों का सजाने के लिए स्थल सज्जा का क्रम शुरू हो गया है। इसी तरह काली माता मंदिर में भक्तों की सुविधा और दर्शन का अवसर देने के लिए इस बार भी व्यवस्था बनाई जा रही है। पुजारियों ने बताया कि आस्था का पर्व 19 मार्च 27 मार्च तक भक्तिभाव से मनाया जाएगा।

### मंदिर प्रबंधन ने तय किया अलग-अलग शुल्क

मां महामाया मंदिर में इस साल 11 हजार ज्योत कलश प्रज्जवलित करवाने की सुविधा देने के लिए व्यवस्थागत तैयारी है। इसके साल भी सिर्फ तेल से ही ज्योत जलेंगे। इसके लिए 700 रुपए दान राशि तय किया है। मां महाकाली मंदिर में घी और तेल दोनों ही तरह के ज्योत प्रज्जवलित करने की तैयारी है। डीके दुबे ने बताया कि 3100 ज्योत कलश स्थापना की सुविधा भक्तों को मिलेगी। कक्ष में इस बार तीन सौ भक्तों को घी का ज्योत जलवाने का अवसर मिलेगा। घी ज्योत के लिए 2100 और तेल ज्योत के लिए 1050 रूपए दान राशि तय की गई है। वहीं शीतला माता मंदिर में एक हजार ज्योत कलश स्थापित करने की व्यवस्था है। यहां 900 रुपए तेल और तीन हजार रूपए घी ज्योत की दान राशि तय की गई है।

### ज्योति कक्ष की कमान संभालेंगे कर्मचारी और टीम

चैत्र नवरात्र में लोगों के बढ़ते रुझान को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने पंजीयन के लिए केन्द्र भी शुरू किया है। इसके साथ ही बैगा और कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने ज्योत कलश कक्ष की साफ-सफाई और व्यवस्था बनाने का सिलसिला शुरू किया है। दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारी की जा रही है। प्रबंधन ने ज्योत कक्ष में श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर देने के लिए बैगा और पंडा की टीम को ही जिम्मेदारी दी है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति से भक्तों को बचाया जा सके।

**समाज लाइव**

## अग्र मंथन और अग्र धरोहर सम्मेलन में जुटेगा समाज



**रायपुर।** अग्रवाल सभा द्वारा विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ ही अग्र मंथन और अग्र धरोहर के मंच को गरिमामय स्वरूप देने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी है। वर्तमान समय में विवाह करना एक बड़ी समस्या को रूप ले रहा है। परिचय सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को योग्य जीवनसाथी मिल सके, इसके लिए मंच देने का प्रयास सभा के द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित अलग-अलग राज्यों ही नहीं, बल्कि इससे विदेश में रहने वाले अग्र परिवार भी रिश्तों की तलाश में जुड़ रहे हैं। सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी 4 और 5 अप्रैल को होने वाली आयोजन को लेकर चार टीमों ने 25 जिलों में समाज के लोगों से संवाद करते हुए आयोजन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रण दिया है।

### अलग-अलग सत्र में अहम विषयों पर होगी चर्चा

सभा के पदाधिकारी मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि अलग-अलग जिलों का दौरा करके वहां अग्रवाल समाज की बैठक करके उन्हें सम्मेलन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ ही अग्र धरोहर और अग्र मंथन का सिलसिला चलने वाला है। इस सत्र में कई अहम विषयों पर चर्चा होगी। अग्र धरोहर में अग्रवाल सभा और अग्रबंधुओं द्वारा सर्व समाज के लिए किए जा रहे सेवा प्रकल्पों का प्रकाशन किया जाएगा। इससे सभी को इनकी जानकारी मिले एवं और लोगों को भी इस प्रकार के सेवा कार्य करने की प्रेरणा मिले। इस आयोजन को सफल बनाने को लेकर हर वर्ग में उत्साह है।

## चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सिंधुजनों ने लगाई दौड़, तारक मेहता फेम 'बबीता' ने कहा- आयोलाल झूलेलाल



**रायपुर।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत द्वारा एक दौड़ भगवान झूलेलाल के नाम का आयोजन मरीन ड्राइव पर किया गया। इसमें टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम मुनमुन दत्ता (बबीता) प्रदेश पंचायत के आयोजन में समाज के साथ शामिल हुईं। पंचायत के प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, महिला विंग के आयोजन में समाजजन शामिल हुए। मुनमुन ने आयोलाल झूलेलाल के जयकारे लगवाए और समाज के सभी वर्ग को चेट्रीचंड्र की बधाइयां दी। वहीं इंदौर से आई एंकर सोनम पोपटानी ने अपने चुलबुले अंदाज से समां बांधा। इनकी उपस्थिति को युवाओं ने सेलिब्रेट किया।

### जुंबा, योग और एक्सरसाइज के बाद किया जयघोष



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की अभिनेत्री मुनमुन दत्ता हुईं शामिल

भारी उत्साह के साथ समाज के हर वर्ग ने जुंबा, विभिन्न योगमुद्रा और एक्सरसाइज के बाद भगवान झूलेलाल के जयकारे के साथ मरीन ड्राइव से दौड़ लगाई। इसका समापन घड़ी चौक में किया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी के साथ महिला विंग से दीक्षा रामानी, कनक खेमानी, हेमा अमेसर, जूही दरयानी, चंचल बजाज, जया नेभानी, तनीषा नानजियानी, सीमा नचरानी, वंदना खुराना ने हर वर्ग को जोड़कर आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं बलराम आहूजा, महेश रोहरा, विकास रूपरेला, अनिल लाहोरी, मनीष पंजवानी, रतन वल्यानी, राजू चंदनानी, रवि चरयानी की टीम ने व्यवस्था की बागडोर संभाली।

## ईद से पहले निर्धन परिवारों को राशन किट और कपड़े



**रायपुर।** समाजसेवी संस्था अवाम-ए-हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी द्वारा ईदुल फित्र के पूर्व जरूरतमंदों को राशन किट और कपड़ों का वितरण किया गया। मानवता और नैतिक जिम्मेदारी के आधार पर समाज के गरीब महीलाओं, वंचित परिवारों को सूखे राशन के साथ दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की किट, उपहार राशि और नए कपड़े 25 परिवारों को दी गई। संस्थापक मो. सज्जाद खान ने इस संदर्भ में बताया कि संस्था प्रतिवर्ष सभी पर्व विशेष पर खुशियां बांटने एवं मानवता की सेवा के उद्देश्य से यह पुनीत कार्य करती आ रही है। इसका प्रत्यक्ष लाभ गरीब और जरूरतमंद परिवारों को देने की पहल की गई।


### मुख्यधारा से जुड़कर खुशी के साथ त्योहार मना सकें

*संस्था प्रतिवर्ष मानवीय संवेदना के आधार जरूरतमंदों, निर्धन परिवारों को उपयोगी सामान, नए वस्त्र और सहयोग राशि वितरित करती रही है। कोविड में उजड़े परिवारों को खाद्य सामग्री और कपड़े देते हुए सहयोग की भावना से संस्था काम करती रही है। संस्था यह काम त्योहार के पहले से ही नियमित रूप से जारी रखती है। तकि वह भी समाज की मुख्यधारा से जुड़कर खुशी के साथ त्योहार मना सकें। इस काम में संस्थापक के साथ जुबैर खान, अरहम खान, मंजू, फराज, नजमा खान, आयशा खान, मंताशा खान, मोहिब खान, साफिया आदि सहयोगी रहे।*

## अवधपुरी मैदान में शतचंडी महायज्ञ और रामकथा कल से

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रायपुर द्वारा 19 से 27 मार्च तक अवधपुरी मैदान, गुढ़यिारी में भव्य श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में हिमालय ऋषि परंपरा के महान तपस्वी श्रीश्री 1008 स्वामी ब्रह्मचारी रक्तांबर महाराज का छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन होगा। इस दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज के कृपापात्र उज्ज्वल शांडिल्य महाराज द्वारा प्रतिदिन श्रीरामकथा का प्रवचन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ विश्व शांति, मानव कल्याण एवं समस्त जीवों के मंगल की भावना से किया जा रहा है, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।























## सिटी स्पोर्ट्स

## सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 21 फरवरी से जारी है। मंगलवार को राज्य के विभिन्न शहरों में अलग-अलग टीमों के बीच मुकाबले हुए।

**सरगुजा के विरुद्ध रायपुर के 306 रनः** रायपुर एवं सरगुजा के मध्य मैच कांकेर में खेला गया। सरगुजा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 82 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 306 रन बना लिये हैं। रायपुर की ओर से अनुराग साहु ने 94 रन, कीवनुर सिंह छाबडा ने 93 रन तथा गगनदीप सिंह ने नाबाद 36 रन बनाये। वहीं सरगुजा की ओर से हिमांशु सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ने 6 विकेट के नुकसान पर 306 रन बना लिये है।

**रायपुर ब्लू के विरुद्ध बी एस पी के 238 रन :** बी एस पी एवं रायपुर ब्लू के मध्य मैच सिविक सेंटर मैदान भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बी एस पी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 86.4 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 238 रन बना लिये हैं। बी एस पी की ओर से शुभम मौर्य ने नाबाद 95 रन बनाये। उनके अतिरिक्त वैभव साहु ने 43 रन तथा देव आदित्य सिंह ने 24 रनों का योगदान दिया। रायपुर ब्लू की ओर से फैज खान ने 3 विकेट तथा दर्षिल भट्ट ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बी एस पी ने 7 विकेट पर 238 रन बना लिये है।

**बिलासपुर के विरुद्ध जांजगीर चांपा के 19 रन :** बिलासपुर एवं जांजगीर चांपा के मध्य मैच दिग्विजय स्टेडियम, राजनांदगांव में खेला गया। जांजगीर चांपा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 79.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 264 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से अभिषेक सोहगैरा ने 85 रन तथा आशीष पांडे ने 68 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से लव्यम राजपूत ने 3 तथा आदित्य यादव ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी में 8 ओवरों में 2 विकेट खोकर 19 रन बना लिये है। पहले दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा 245 रनों से पीछे है।

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध राजनांदगांव ने 77 रनः** बिलासपुर ब्लू एवं राजनांदगांव के मध्य मैच आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। राजनांदगांव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मैदान गीला होने के कारण मैच देरी से प्रारंभ हुआ। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 30 ओवरों में 3 विकेट खोकर 77 रन बना लिये हैं। राजनांदगांव की ओर से वैदिक मधुकर ने नाबाद 30 रन तथा उपेन्द्र सिंह मरकाम ने 19 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक राजनांदगांव ने 3 विकेट खोकर 77 रन बना लिये है।

## अभ्युदय का चयन हुआ नेट प्रैक्टिस के बॉलर के रूप में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के दाएं हाथ के लेग ब्रेक बॉलर अभ्युदय सिंह का चयन नेट प्रैक्टिस में बॉलर के रूप में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में हुआ है। आईपीएल 28 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। उसमें कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम भी खेल रही है। इस आईपीएल टूर्नामेंट के पहले कोलकाता नाइट राइडर्स का एक ट्रेनिंग कैंप 18 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित है। जिसमें अभ्युदय सिंह को नेट प्रैक्टिस में मैं बॉलिंग करने हेतु आमंत्रित किया गया है। अभ्युदय सिंह ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-14 में चार बार प्रतिनिधित्व किया है। अंडर 16 में तीन बार अंडर-19 में तीन बार एवंनेशनल क्रिकेट अकादमी में अंडर-19 वर्ग में और अभी हाल ही में विजी ट्रॉफी में भाग लिया है। अभ्युदय सिंह की इस उपलब्धि पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी।

### शरीर के लिए प्रोटीन की संतुलित मात्रा होती है असरकारी

# प्रोटीन की कमी से भी हो सकता है बीमारियों का खतरा, इन जोखिमों के बारे में जानना जरूरी

शरीर के फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन करते रहने की सलाह दी जाती है। दैनिक रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करके आप शरीर के लिए जरूरी तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। प्रोटीन ऐसा ही एक अतिआवश्यक तत्व है जो न सिर्फ मांसपेशियों के निर्माण और इसकी मजबूती में सहायक है, साथ ही ये कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में लाभकारी हो सकता है। शाकाहारी और प्लांट बेस्ड कई चीजों में भरपूर मात्रा में प्रोटीन की मौजूदगी होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रोटीन हमारी मांसपेशियों, त्वचा, एंजाइम और हार्मोन का निर्माण खंड है और यह शरीर के सभी ऊतकों में भी आवश्यक भूमिका निभाता है। अगर आपके आहार में पर्याप्त प्रोटीन नहीं है तो आप मांसपेशियों में दर्द-कमी, कमजोरी जैसी समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि प्रोटीन की कमी यदि लंबे समय तक बनी रहती है तो इसके कारण आप कुछ गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं?

### कितनी प्रोटीन है जरूरी?

अध्ययनकर्ता बताते हैं, वयस्कों को प्रतिदिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम 0.8 ग्राम



प्रोटीन की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए, जिस व्यक्ति का वजन 75 किलोग्राम है, उसे प्रतिदिन 60 ग्राम प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन की कमी की स्थिति में शरीर की संरचना में बदलाव होने लग जाता है। अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो ये लिवर की बीमारी, हड्डियों की समस्या और बच्चों के विकास को भी प्रभावित कर सकती है।

### बच्चों का विकास हो सकता है प्रभावित

प्रोटीन न केवल मांसपेशियों-हड्डियों के निर्माण और मजबूती के लिए आवश्यक है, साथ ही ये शरीर के विकास को भी बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। प्रोटीन की कमी या अपर्याप्तता बच्चों के लिए कई प्रकार की



स्वास्थ्य समस्याओं के साथ उनके सामान्य विकास को भी प्रभावित करने वालr हो सकतr है। प्रोटीन की कमी से बच्चों के मस्तिष्क का विकास भी प्रभावित हो सकता है, आहार में इसकी मात्रा जरूर सुनिश्चित करें।

संक्रमण और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा

प्रोटीन की कमी का असर प्रतिरक्षा प्रणाली पर भी पड़ सकता है। गंभीर स्थितियों में इसकी कमी के कारण संक्रमण का जोखिम और इसके गंभीर रूप लेने का भी खतरा हो सकता है। पशुओं पर किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि केवल 2% प्रोटीन वाले आहार की



तुलना में 18% प्रोटीन लेने वाले वाले पशुओं में संक्रामक रोग होने का जोखिम अधिक होता है। महिलाओं पर किए गए एक छोटे अध्ययन से पता चला है कि नौ सप्ताह तक लो प्रोटीन वाला आहार लेने से उनकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया काफी कम हो गई।

### फैटी लिवर का हो सकता है खतरा

शरीर में प्रोटीन की कमी होने का असर लिवर की सेहत को भी प्रभावित करने वाला हो सकता है। ये आपमें फैटी लिवर की समस्या का कारण बन सकती है। फैटी लिवर, यकृत में वसा जमने के कारण होने वाली बीमारी है। उपचार न होने की स्थिति में फैटी लीवर रोग लिवर में सूजन, सिरोसिस और गंभीर स्थितियों में लिवर फेलियर का भी खतरा बढ़ा देती है।



## घर से रहते हैं दूर तो अपने माता-पिता का ध्यान ऐसे रखें

उम्र बढ़ने के साथ माता-पिता को न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक सहारे की भी जरूरत होती है। ऐसे में, कुछ आसान और प्रभावी तरीकों से आप अपने माता-पिता का ख्याल रख सकते हैं, भले ही आप उनसे मीलों दूर हों।

माता-पिता हर किसी के जीवन का सबसे अहम हिस्सा होते हैं। इसी वजह से जब हम नौकरी या अन्य कारणों से उनसे दूर रहते हैं, तो उनकी देखभाल को लेकर चिंता बनी रहती है। उम्र बढ़ने के साथ माता-पिता को न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक सहारे की भी जरूरत होती है। ऐसे में, कुछ आसान और प्रभावी तरीकों से आप अपने माता-पिता का ख्याल रख सकते हैं, भले ही आप उनसे मीलों दूर हों। यहां हम कुछ ऐसी ही टिप्स आपको देने जा रहे हैं जो बढ़ती उम्र में आपके माता पिता को अकेला नहीं रहने देंगी।

### दिन में कई बार कॉल और वीडियो कॉल करें

चाहें आप कितने भी व्यस्त हों, लेकिन दिन में दो से तीन बार माता पिता को कॉल या वीडियो करके बात करें। उनसे पूछें कि खाना क्या खाया ? इसके अलावा उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में जानें और उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें।



### मेडिकल जरूरतों का ध्यान रखें

बढ़ती उम्र में माता पिता का व्यवहार बच्चों के जैसा ही हो जाता है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि आप माता-पिता के लिए हेल्थ चेकअप और दवाइयों का ध्यान रखें। खासतौर पर अगर वे किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो उनके लिए डॉक्टर के अपॉइंटमेंट बुक करें। घर के पास एक मेडिकल स्टोर से उनकी दवाइयों की होम डिलीवरी का इंतजाम करें। उन्हें खुद समय से दवा खाने की याद दिलाएं।

### फाइनेंशियल सपोर्ट और मैनेजमेंट

भले ही आपके माता पिता कि पेंशन आती हो, लेकिन उसके बावजूद आप खुद भी माता-पिता की आर्थिक जरूरतों का ध्यान रखें और समय पर पैसे भेजें। अगर वे ऑनलाइन बैंकिंग नहीं जानते, तो उन्हें इसे सिखाएं या उनके बैंक अकाउंट को अपने से लिंक करें। उनके लिए हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस करवाएं ताकि किसी भी मेडिकल इमरजेंसी में परेशानी न हो।

### घर की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखें

यदि आपके माता पिता अकेले रहते हैं तो ये सबसे जरूरी टिप है। घर की सिक्योरिटी के लिए आप घर में सिक्योरिटी कैमरा और स्मार्ट लॉक जैसी गैजेट्स लगवा सकते हैं। घर के आसपास किसी रिश्तेदार या पड़ोसी से संपर्क में रहें, ताकि ज़रूरत पड़ने पर वे माता-पिता की मदद कर सकें। घर की सफाई, बिजली और मरम्मत से जुड़ी चीज़ों के लिए एक भरोसेमंद हेल्पर या केयरटेकर का इंतजाम करें। किसी भी नए व्यक्ति को घर में न भेजें।

### इमोशनल सपोर्ट दें

बढ़ती उम्र में माता पिता खुद को अकेला समझने लगते हैं, ऐसे में उन्हें किसी क्लब, धार्मिक या सामाजिक समूह से जोड़ें।



## टेटे में कल्पेश-दिव्या एकल और गोलछा-दासगुप्ता युगल विजेता




■ रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन

**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता 12 से 15 मार्च तक संपन्न हुई। रायपुर जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) के लिये आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। पुरुष एकल वर्ग में कल्पेश जादवानी (कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी), महिला एकल में दिव्या आमदे (सी.एस.पी.डी.सी. एल.) विजेता बनी तथा लक्की युगल वर्ग में शैलेश गोलछा (सुजाता इंडस्ट्रियल केमिकल्स) एवं सागर दासगुप्ता (सुभाष स्टेडियम सेंटर) की जोड़ी विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम रायपुर के ज़ोन क्रमांक 4 के अध्यक्ष मुरली शर्मा थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजीत बेनर्जी ने किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के अंतिम परिणाम में पुरुष एकल वर्ग-में विजेता कल्पेश जादवानी (कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी), उपविजेता-गिरिराज बागड़ी (बागड़ी इंटरप्राइजेस) 2-0, तृतीय गजेंद्र चौहान (एस. एकेडमी), चतुर्थ-अरविंद कुमार शर्मा (कारपोरेट एडवाइजर) लक्की, युगल वर्ग में विजेता शैलेश गोलछा (सुजाता इंडस्ट्रियल केमिकल्स) एवं सागर दासगुप्ता (सुभाष स्टेडियम सेंटर), उपविजेता शैलेश डागा (अमूल डिस्ट्रीब्यूटर्स) एवं कृष्णा जोशी (डी के एजुकेटर्स) 2-0, तृतीय गिरिराज बागड़ी (बागड़ी इंटरप्राइजेस) एवं दिव्या आमदे (सीएसपीडीसीएल), चतुर्थ- परिवेश मिश्रा ( प्रकाश एग्री फार्म्स) एवं मंदार कुलकर्णी (एच.डी.एफ.सी. बैंक), महिला एकल वर्ग में विजेता दिव्या आमदे (सीएसपीडीसीएल), उपविजेता डा. स्वाति बांठिया (होम्योपैथी), 2-0 तृतीय- प्रमिला ठाकुर (सेवानिवृत्त न्यू इंडिया इश्योरेंस), चतुर्थ रेणुका सुब्बा (सेवानिवृत्त पूर्व निरीक्षक, पुलिस कमिश्नरेट) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे तथा सहायक निर्णायक पुलकित यदु थे। इस अवसर पर जी.एल. अग्रवाल, एस.ए. अली, डा. अविनाश इंग्ले, प्रदीप दासगुप्ता, विनय केजरीवाल, एस.पी. चंद्राकर, दीपक वर्मा, शिरीष देव, जे.एम. राठोड, राजशेखर शर्मा, प्रिया चावड़ा एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## बीएसपी प्रीमियर लीग के मुकाबले जारी



**भिलाई।** भिलाई मजदूर संघ एवं बीएसपी प्रीमियर लीग समिति के संयुक्त तत्वावधान में बीएसपी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता लगातार तीसरे वर्ष जारी है। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में मंगलवार को विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले हुए। स्नाइपर ने भिलाई वॉरियर्स से पांच विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच सुरेश कुमार रहे। दूसरे मैच में रॉयल स्ट्राइकर ने जी के लाइंस के विरुद्ध तीन विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अजय टोप्पो रहे। तीसरा मैच सीजी 11 एवं सुपर चैलेंजर के मध्य खेला गया। जिसमें सुपर चैलेंजर ने 62 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच अशोक रहे। चौथा मैच भिलाई बॉयज एवं भिलाई वॉरियर्स के मध्य खेला गया। परिणाम स्वरूप भिलाई बॉयस ने तीन विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच श्रीनिवास राव रहे। पहला सेमीफाइनल मैच बर्ली बॉयज विरुद्ध भिलाई बॉयज हुआ। परिणामस्वरूप बर्ली बॉयज ने 51 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच अर्जुन रहे। इन मैचो के अंपायर हरिशंकर यादव, विकास मेहरा, काशी, मुकेश, विवेक, स्कोरर विनोद देवघरे, मिथुन, महेंद्र एवं महेश, कॉमेंटेटर अभय मौर्य, अरविंद सिंह, शाका, अभय यादव एवं अजय, पिचक्यूरेटर आजाद अहमद खान एवं जीवन सिंह थे।

कार्नर न्यूज

### रोजे के दौरान अपने शरीर का भी ध्यान रखना जरूरी

# रमजान में रोजे रखने के बावजूद बरकरार रहेगी तंदरुस्ती, उठाएं ऐसे जरूरी कदम

रमजान में आप भी रोजा रखते हैं तो आइए नजर डालते हैं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के उन टिप्स पर जो आपको रमजान में हेल्दी रहने में मदद कर सकते हैं। इस्लाम को मानने वाले लोगों के लिए रमजान का महीना काफी फजीलत वाला होता है। इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे 30 दिन रोजा रखते हैं। सूर्यास्त से पहले से लेकर सूरज डूबने के बाद तक का रोजा होता है, यानी कुल 12 से 13 घंटे बिना खाए पिए रहना पड़ता है। ऐसे में अगर जरा भी लापरवाही हुई तो सेहत पर असर पड़ सकता है। अक्सर लोग अपनी सेहत को लेकर इस दौरान थोड़े चिंतित रहते हैं। वही हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने रमजान में स्वस्थ रहने के लिए एक पोस्टर जारी किया है। इनमें बताया गया है कि कैसे आप रमजान के दौरान खुद को फिट रख सकते हैं। आइए नजर डालते हैं डब्ल्यूएचओकी इस पोस्ट पर

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक अगर आप रमजान के महीने में खाने में डेजर्ट शामिल करते हैं तो आपको वाटर रिच फलों को डेजर्ट में शामिल करना चाहिए। इससे आपको नेचुरल शुगर मिलेगा, शरीर में पानी की कमी भी नहीं



होगी,पाचन दुरुस्त होगा और तो और आपकी क्रेविंग भी शांत हो जाएगी।

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक आप रमजान में भी एक्सरसाइज जरूर करें। इसे पूरा शरीर एक्टिव हो जाता है और शरीर में ऑक्सीजन का भी संचार बढ़िया होता ह। इससे आप कई तरह की बीमारियों से दूर रहते हैं। एक्सरसाइज करने से मूड बेहतर होता है और तनाव को कम करने में मदद मिलती है। ध्यान रहे की शहरी के वक्त एक्सरसाइज करें या फिर इफ्तार के बाद।


डब्ल्यूएचओ के बाद ऐसा करने से आपके शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। हार्ट मस्तिष्क को नुकसान पहुंच सकता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक रमजान में अगर आप फिट एंड फाइन रहना चाहते हैं तो आपको प्रॉपर डाइट का भी ध्यान देना होगा। अपनी थाली में विटामिन, मिनरल्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें हेल्दी डाइट में डेयरी प्रोडक्ट, हरी सब्जियां, दाल सभी चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं इस दौरान हाइड्रेशन का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। नॉन फास्टिंग आर में जितना हो सके आप धीरे-धीरे पानी पीते रहें। इसके अलावा आप नारियल पानी, जूस, सब्जियों के सूप भी लेते रहें। इससे डिहाइड्रेशन भी नहीं होगी और शरीर को एनर्जी मिलती रहेगी। रमजान में आप मीठा खाना सीमित कर दें,इसके अलावा आप नमक भी कम मात्रा में खाएं। इन दोनों ही चीज़ों से आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है। चीनी खाने से जहां ब्लड शुगर लेवल पर असर पड़ सकता है वहीं नमक बीपी बढ़ा सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अवॉर्ड जीतने के बाद माइकल बी जॉर्डन ने दी इमोशनल स्पीच



लॉस एंजिल्स में आयोजित एक्टर्स अवॉर्ड 2026 में हॉलीवुड फिल्म 'सिनर्स' के लिए एक्टर माइकल बी जॉर्डन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड लेते हुए माइकल ने मंच से अपनी मां के लिए दिल छू लेने वाली स्पीच दी। हॉलीवुड एक्टर माइकल बी जॉर्डन ने 2026 एक्टर अवार्ड्स में बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें 'सिनर्स' में उनकी शानदार परफॉर्मेंस के लिए लीडिंग रोल में मेल एक्टर द्वारा आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस का अवॉर्ड मिला। रयान कूगलर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन की दोहरी भूमिका है। अवॉर्ड लेने जब वे मंच पर पहुंचे तो उन्होंने अपनी मां के लिए इमोशनल स्पीच दी।

माइकल ने अवॉर्ड लेते हुए अपने संघर्ष भरे दिनों को याद किया और उनका जिक्र किया। द हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक, अभिनेता ने कहा, 'मॉम, मुझे न्यूयॉर्क लाने-ले जाने के लिए आपका बहुत शुक्रिया। हमारे पास जब हॉलैंड टनल से जाने के लिए पैसे नहीं थे, जब मैं अपने ऑडिशन के लिए वहां गया था। इसके लिए आपको बहुत शुक्रिया'। अपनी कामयाबी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। मैं उन लोगों, एक्टर्स और इंसानों के साथ कैटेगरी में नॉमिनेट होने पर बहुत सम्मानित और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, जिन्हें मैं प्यार करता हूं। मुझे उनका काम और हमारे क्राफ्ट में उनका योगदान पसंद है। यह सम्मान वाकई अविश्वसनीय है। इसलिए, मेरा स्वागत करने और मुझे यह खुशी महसूस कराने के लिए धन्यवाद'। इस दौरान माइकल बी जॉर्डन ने फिल्म के डायरेक्टर रायन कूगलर की भी सराहना की और शुक्रिया अदा किया।

### टॉलीवुड

## 'जेलर 2' में जतिन सरना बने खूंखार विलेन, रजनीकांत से लेंगे टक्कर



रजनीकांत की 'जेलर 2' में एक्टर रोहित सरना खूंखार विलेंन बनेंगे। वह अपने रोल की शूटिंग कर चुके हैं और काफी एक्साइटेड हैं। रोहित सरना 'सेक्रेड गेम्स' और 'खाकी द बिहार चैप्टर' के अलावा कई फिल्मों में अपना दमखम दिखा चुके हैं। वहीं, 'जेलर 2' में शाहरुख खान के रोल को लेकर भी अपडेट आया है।

रजनीकांत की 'जेलर 2' की काफी समय से चर्चा है और इसे इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक माना जा रहा है। एक तो फिल्म में रजनीकांत हैं और साथ में शाहरुख खान और मिथुन चक्रवर्ती समेत कई बड़े स्टार्स। अब खबर इसके विलेन को लेकर आई है। 'जेलर 2' में विलेन का रोल मशहूर एक्टर जतिन सरना निभाएंगे। वही जतिन सरना जो 'सेक्रेड गेम्स' और 'खाकीः द बिहार चैप्टर' जैसी सीरीज में अपने दमदार रोल के लिए तारीफें बटोर चुके हैं। जतिन सरना ने 'जेलर 2' की शूटिंग भी कर ली है। इसमें वह विलेन के रोल के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। उनका कहना है कि यह रोल उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट है।

हाल ही 'जेलर 2' के सेट से जतिन सरना की रजनीकांत संग तस्वीर भी वायरल हुई थी, जिसने फैंस के बीच और हलचल मचा दी थी। 'सिनेमा एक्सप्रेस' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जेलर 2' में जतिन सरना का किरदार कहानी में बेहद अहम होगा, और सीधे रजनीकांत के किरदार से टक्कर लेगा। जतिन इस रोल को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं।

जतिन सरना एक पॉपुलर एक्टर हैं। उन्होंने बॉलीवुड के अलावा मराठी सिनेमा में भी खूब काम किया है। वह अभी तक 'सात उच्चके', 'मेरठिया गैंगस्टर्स', 'सोनचिरैया', '83' और 'दरबार' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

### भोजपुरी

## 'अग्निपरीक्षा' का ट्रेलर जारी, खेसारी दिखे दमदार एक्शन अवतार में



खेसारी लाल यादव की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अग्निपरीक्षा' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें खेसारी का एकदम रॉ एक्शन वाला रूप देखने को मिल रहा है और उनके किरदार के कई शेड्स हैं। आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी भी दमदार लगी हैं।

भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अब अपनी नई फिल्म 'अग्निपरीक्षा' से धमाल मचाने को तैयार हैं। काफी समय से इस फिल्म की चर्चा चल रही थी। पोस्टर रिलीज के बाद से ही फैंस इसके ट्रेलर रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब फाइनली 'अग्निपरीक्षा' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें खेसारी लाल यादव का दमदार और अनोखा रूप देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में खेसारी ताबड़तोड़ एक्शन करते और गुंडों को हवा में उछालते नजर आ रहे हैं। साथ ही उनका एक भावुक रूप भी देखने को मिला है। 'अग्निपरीक्षा' के खेतों में एक एक्शन सीन से होती है, जहां कुछ लोग गांववालों को सता रहे होते हैं। तभी खेसारी की दमदार अंदाज में एंट्री होती है। वह एक-एक कर सभी गुंडों को मजा चखाते हैं और कहते हैं कि राम-कृष्ण की लड़ाई धर्म की थी, और उनकी भी लड़ाई धर्म की है। फिर अचानक ही खेसारी को कोर्ट के कटघरे में दिखाया जाता है, जहां जज कहते हैं कि उन्होंने आज तक ऐसा केस देखा नहीं हैं। वहीं, वकील भी खेसारी के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग करते हैं।

लाइफ



स्प्रिंग ट्रेंड

अगर स्प्रिंग रनवे के ट्रेंड को देखें आपको मानना पड़ेगा कि 2026 चमकीले और बोल्ड रंगों का साल है। वैसे तो हम स्प्रिंग को हल्के और सॉफ्ट पेस्टल रंगों से जोड़ते हैं, लेकिन इस सीज़न में हम उजले रंगों को छोड़कर वाइब्रेंट प्राइमरी टोन अपना रहे हैं। क्रेयोला कलर पैलेट कई बड़े कलेक्शन में देखा गया, खासकर लोवे, लैनविन, वर्साचे, प्राडा और फेंडी जैसे कुछ कलेक्शन में, जिन्होंने रंग और खुशी के लिए एक मज़बूत केस बनाया।

## पसीने की वजह से नहीं हो पा रहा है वैक्स, तो ये टिप्स आएंगी आपके काम

गर्मी के दिनों में पसीना आने की वजह से अधिकतर लड़कियां वैक्स नहीं कर पाती है और ऐसे में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपके साथ भी वैक्स करते समय यही परेशानी होती हैं, तो अब आप एक्सपर्ट के बताएं इन उपाय को कर आसानी से वैक्स करवा सकती हैं। गर्मी के दिनों में पसीना आने की वजह से वैक्स ठीक से नहीं हो पता है और इससे लड़कियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपके साथ भी वैक्स के समय यही परेशानी होती हैं, तो अब आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं हैं। आप एक्सपर्ट के बताएं इन उपाय को कर आसानी से वैक्स करवा सकती हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि लड़कियां शरीर पर मौजूद छोटे बाल को क्लीन करने के लिए वैक्स का इस्तेमाल करती हैं और इस दौरान शरीर से आने वाला पसीना उनके वैक्स को खराब कर सकता है। ऐसा होने से अधिकतर लड़कियों को वैक्सिंग करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, इस समस्या से राहत पाने के लिए आप जब भी वैक्स करें सबसे पहले ऐसा एरिया चुने जो ठंडा हो। इसके अलावा वैक्स के पहले आप अपने हाथ पैर को अच्छी तरह से साफ कर सूखा लें, फिर अपनी स्किन पर पाउडर लगाएं उसके बाद ही वैक्स करें।

ध्यान रहे जब भी आप वैक्स करवाने के लिए जाएं, तो अपने हाथ और पैर पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल ना करें। क्योंकि मॉइश्चराइजर की वजह से वैक्स करने में परेशानी हो सकती हैं। अगर आपको ज्यादा



परेशानी हो रही हैं, तो आप अपने पैर को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप अपनी पसीने को सुखाकर आसानी से वैक्स कर सकती हैं।

जब भी आप वैक्स करवाए, तब कोशिश करें एक बार में ही पुरे हाथ पर वैक्स को ना लगाएं इससे जल्दी पसीना आ सकता है और वैक्सिंग में परेशानी हो सकती हैं। अगर आप वैक्स स्ट्रिप्स को दो बार इस्तेमाल कर रही हैं, तो ऐसा करने से भी आपका वैक्स ठीक से नहीं होता। अगर लगातार पसीना आ रहा है, तो आप उसे पोंछते रहे और उसके बाद वैक्स करें। स्किन के हिसाब से वैक्स का चुनाव करें।

## रमजान में लड़कों के लिए डिजाइनर कुर्ता के आइडियाज, सेलेब्स जैसे दिखेंगे आप



यदि आप रमजान में अपने पसंदीदा सिलेब की तरह दिखना चाहते हैं तो उन्हीं की तरह कुर्ता-पायजामा कैरी करके अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाएं। रमजान दुनियाभर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। रमजान के रोजे पूरे एक महीना चलते हैं और इसके बाद ईद उल फितर मनाई जाती है। इस दिन खासतौर पर मीठे पकवान, जैसे सेवइयां, शीर खुरमा बनाए जाते हैं। ऐसे माहौल में डिजाइनर कुर्तों के ये आइडियाज आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। सेलेब्रिटी लुक से इंस्पायर होकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकते हैं।



### क्लासिक व्हाइट कुर्ता



यदि आपको नवाबी अंदाज पसंद है, यानी कि आप सिंपल लेकिन क्लासी दिखना चाहते हैं तो सफेद रंग के प्लेन कुर्ते से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता। यदि व्हाइट कुर्ते के साथ कुछ अलग करना है तो इसे नेहरू जैकेट या कढ़ाईदार शॉल के साथ पेयर करें। सफेद कुर्ते में शाहरुख खान और सलमान खान का लुक बेहद पसंद किया जाता है। कई टीवी सेलेब्स भी इसे काफी अच्छे से कैरी करते हैं।

### कढ़ाईदार कुर्ता

यदि आपको शाही लुक कैरी करना है तो गले और बाजू पर हल्की कढ़ाई वाला कुर्ता पहनें। रॉयल ब्लू, मैरून, या गोल्डन शेड्स इस लुक को और खास बना सकते हैं। रणवीर सिंह और कार्तिक आर्यन इस तरह के कुर्तों में कई बार नजर आ चुके हैं। ऐसे कुर्ते के साथ पायजामा कंट्रास्ट में ही पहनें। तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

### पेस्टल कलर कुर्ता

यदि आप ट्रेंडिंग लुक कैरी करना चाहते तो पहले समझ लें कि आज कल पेस्टल कलर्स का क्रेज है। मिंट ग्रीन, बेबी पिंक, स्काई ब्लू या लेमन येलो जैसे हल्के रंग आपको एक फ्रेश और मॉडर्न लुक देंगे। विक्की कौशल, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन जैसे सेलेब्स अक्सर ऐसे कुर्तों को स्टाइलिश तरीके से कैरी करते हैं। पेस्टल रंग हर स्किन टोन पर कमाल के लगते हैं।

## डैंड्रफ की समस्या को कम कर सकते हैं ये फ्लोरल हेयर मास्क

अगर आप डैंड्रफ के कारण परेशान रहती हैं तो ऐसे में कुछ फूलों की मदद से फ्लोरल हेयर मास्क लगाकर उसे इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे यकीनन आपको काफी फायदा मिलेगा। फ्लोरल हेयर मास्क स्कैल्प को आराम देने से लेकर डैंड्रफ से लड़ने में मददगार है। यह पूरी तरह से नेचुरल और केमिकल फ्री होते हैं और साथ ही साथ आपके बालों पर जेंटल भी होते हैं। इतना ही नहीं, इन्हें इस्तेमाल करना भी काफी आसान है। स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि डैंड्रफ की समस्या को मैनेज करने के लिए किस तरह फ्लोरल हेयर मास्क को बनाएं-

### हिबिस्कस और दही से बनाएं एंटी-डैंड्रफ मास्क

अगर आपको डैंड्रफ की शिकायत है तो आप हिबिस्कस की मदद से मास्क बनाएं। इसमें एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को कम करने में सहायक है। साथ ही साथ, यह बालों को बेहद मुलायम बनाता है। वहीं दूसरी ओर दही जलन को शांत करती है। सबसे पहले



हिबिस्कस के फूलों को पीसकर चिकना पेस्ट बना लें। अब इसे दही और शहद के साथ मिक्स करें। तैयार मास्क को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें।

### मैरीगोल्ड और नीम से बनाएं एंटी-डैंड्रफ मास्क

जब बात डैंड्रफ की हो तो ऐसे में मैरीगोल्ड और नीम से बेहतर कॉम्बिनेशन शायद ही कोई हो। इन दोनों में ही एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को दूर करने में सहायक है।

## रूखी स्किन के लिए एवोकाडो और एलोवेरा जेल के मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपकी रूखी स्किन डल और बेजान महसूस होती है तो ऐसे में आप एवोकाडो और एलोवेरा जेल की मदद से मास्क बना सकती हैं। जहां एवोकडो में मौजूद हेल्दी फैट्स आपकी स्किन को पोषण देते हैं, वहीं एलोवेरा जेल से नमी के साथ-साथ कूलिंग इफेक्ट भी मिलता है। आप चाहें तो अपनी स्किन की जरूरतों को समझते हुए उसमें कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स को भी शामिल कर सकते हैं। चूंकि यह मास्क पूरी तरह से नेचुरल है, इसलिए आपको किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको एलोवेरा जेल और एवोकाडो की मदद से फेस मास्क बनाने के तरीके के बारे में बता रही हैं-



### रूखी स्किन के लिए एलोवेरा जेल के फायदे

एलोवेरा जेल रूखी स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है, लेकिन उसे चिपचिपा नहीं बनाता है। रूखी स्किन अगर फ्लेकी या इरिटेटिड महसूस होती है तो ऐसे में एलोवेरा जेल से रूखेपन और जलन को शांत करने में मदद मिलेगी। एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई भरपूर मात्रा में होते हैं, जो अत्यधिक रूखेपन के कारण होने वाली छोटी-छोटी दरारों या खुरदुरे पैच को ठीक करने में मददगार है। एलोवेरा जेल स्किन के नेचुरल बैरियर की तरह काम करता है, जिससे आपकी स्किन की नमी लंबे समय तक बनी रहती है।


सबसे पहले आधा पका हुआ एवोकाडो लें और इसे कांटे से अच्छी तरह मसल लें जब तक कि यह चिकना न हो जाए। अब इसमें ताजा एलोवेरा जेल डालकर मिक्स करें। साथ ही, इसमें शहद डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अगर आपकी स्किन बहुत ज़्यादा रूखी है, तो आप अपनी स्किन को गहराई से पोषण देने के लिए एक चम्मच नारियल का तेल भी मिक्स करें।

### कार्नर न्यूज

'टैटू' को लेकर कई धारणाएं समाज में मौजूद, इन्हें जरूर जानें

## 'टैटू' आज परंपरा नहीं बल्कि ट्रेंड बन चुका, इससे जुड़े मिथक भी जान लीजिए जिन पर लोग कर लेते हैं यकीन

टैटू यानि परंपरागत रूप से शरीर पर बनाए जाने वाला गोदना। इससे जुड़े कई मिथक हैं, जिन पर लोग बिना सोचे-समझे यकीन कर लेते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि टैटू बनवाना एक सुरक्षित प्रक्रिया है, जब तक कि इसे किसी अनुभवी और प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से सही तरीके से कराया जाए। यदि आप भी टैटू बनवाने की सोच रहे हैं, तो इन अफवाहों से बचें और सही जानकारी लेकर ही फैसला लें। आजकल टैटू बनवाना एक ट्रेंड बन चुका है। युवा ही नहीं, बड़े भी इसे स्टाइल स्टेटमेंट मानते हैं। लेकिन टैटू को लेकर कई तरह की गलतफहमियां और मिथक समाज में फैले हुए हैं, जिन पर लोग आसानी से विश्वास कर लेते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि टैटू से स्किन प्रॉब्लम्स होती हैं, तो कुछ इसे सेहत के लिए हानिकारक मानते हैं। हालांकि, इनमें से कई बातें सिर्फ अफवाहें हैं। इस आर्टिकल में हम आपको टैटू से जुड़े 5 बड़े मिथकों के बारे में बताएंगे और उनकी सच्चाई से अवगत कराएंगे।



### टैटू बनवाने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है

यह सबसे आम मिथक है कि टैटू बनवाने से शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है या यह सेहत को नुकसान पहुंचाता है।

सच्चाईःटैटू बनवाने से सेहत पर कोई स्थायी बुरा प्रभाव नहीं पड़ता, बशर्ते कि इसे किसी प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से साफ-सुथरे माहौल में बनवाया जाए। हां, अगर स्वच्छता का ध्यान न रखा जाए, तो स्किन इंफेक्शन होने का खतरा जरूर रहता है। इसलिए, टैटू बनवाने से पहले सही स्टूडियो और अनुभवी कलाकार का चयन करना जरूरी है।

### टैटू बहुत ज्यादा दर्दनाक होता है

कई लोग यह मानते हैं कि टैटू बनवाने के दौरान असहनीय दर्द होता है, इसलिए वे इसे बनवाने से डरते हैं। सच्चाईःटैटू बनवाने में हल्का दर्द जरूर होता है, लेकिन यह सहने योग्य होता है। दर्द की तीव्रता इस पर निर्भर करती है कि टैटू शरीर के किस हिस्से पर बनवाया जा रहा है। जैसे कि हड्डी के पास ज्यादा दर्द हो सकता है, जबकि मांसल हिस्सों में कम दर्द महसूस होता है।

### टैटू बनवाने के बाद एमआरआई स्कैन नहीं कराया जा सकता

कुछ लोगों का मानना है कि अगर आपने टैटू बनवा लिया है, तो आपको भविष्य में MRI स्कैन कराने में परेशानी हो सकती है। सच्चाईः एमआरआई स्कैन करवाने में टैटू से कोई बड़ी समस्या नहीं होती।

